दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, शुक्रवार 19 जून 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1099

## संक्षिप्त खबरें ।

### जो आएंगे वो हमारे, जो नहीं आएंगे वो बेईमान और गद्दार', संसद पहुंचते ही बोले संजय राउत



**लोक तंत्र की आवाज़**

**मुंबई।** शिवसेना (UBT) में संभावित फूट की अटकलों के बीच, पार्टी की संसदीय बैठक के लिए गुरुवार दोपहर तक सिर्फ तीन लोकसभा सांसद ही पहुंचे, जबकि सदस्यों को सुबह 11 बजे की बैठक के बारे में जानकारी दी गई थी। बागी खेमे में माने जाने वाले किसी भी सांसद ने अब तक बैठक में हिस्सा नहीं लिया है. राज्यसभा सांसद और पार्टी के सीनियर नेता संजय राउत के अलावा, लोकसभा सांसद अनिल देसाई, अरविंद सावंत और राजाभाऊ वाजे मीटिंग के लिए पहुंचे। इस बीच, संजय राउत ने संसद परिसर में पहुंचने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि जो आएंगे वो हमारे और जो नहीं आएंगे, वो बेईमान और गद्दार हैं।

**मीटिंग के लिए कौन पहुंचा? :** उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट में संभावित दलबदल की अटकलों के बीच, शिवसेना (UBT) के नेता संजय राउत, अरविंद सावंत और राजाभाऊ पराग प्रकाश वाजे गुरुवार को पार्टी की संसदीय दल की बैठक में शामिल होने के लिए संसद पहुंचे। इस बैठक पर बारीकी से नजर रखी जा रही है क्योंकि पार्टी के संसदीय खेमे में संभावित फूट की खबरें लगातार आ रही हैं. उम्मीद है कि पार्टी नेता अपने खेमे में समर्थन का आकलन करेंगे और बदलती राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करेंगे।

**PM मोदी पर संजय राउत का तंज:** मीटिंग में शामिल होने संसद के लिए निकलने से पहले शिवसेना (UBT) के सांसद संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संदेश देने के बजाय पहले देश के अंदर के घटनाक्रमों पर ध्यान दिया जाना चाहिए. राउत ने आगे कहा कि अरविंद सावंत ने पार्टी व्हिप जारी किया है, पार्टी कोई भी तत्काल कार्रवाई शुरू करने से पहले थोड़ा इंतज़ार करेगी।

## नीट और जेईई के नाम पर परिवारों के 2.62 लाख करोड़ खर्च, कोटा में राहुल गांधी ने आंकड़ों से हिलाया सिस्टम

**लोक तंत्र की आवाज़**

**कोटा।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कोचिंग सिटी कोटा के दशहरा मैदान में देश भर से आए छात्रों से सीधा संवाद किया. 'छात्रों की गूंज' नामक इस विशेष कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि यह कोई राजनीतिक मंच नहीं है, बल्कि देश के युवाओं और छात्रों की आवाज को बुलंद करने का माध्यम है. इस दौरान उन्होंने देश के वर्तमान एजुकेशन सिस्टम पर तीखा हमला बोला और इसे छात्रों को अवसाद (डिप्रेशन) की ओर धकेलने वाला बताया।

**5 परीक्षाओं के नाम पर 5 लाख करोड़ की लूट:** राहुल गांधी ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश का एजुकेशन सिस्टम अब सिर्फ पैसे वसूलने का जरिया बन चुका है. नीट (NEET), जेईई (JEE), एसएससी (SSC), आरआरबी (RRB) और यूपीएससी (UPSC) जैसी महज पांच प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के नाम पर छात्रों के परिवारों की जेब से हर साल 5 लाख करोड़ रुपये छीन लिए जाते हैं. यह रकम भारत सरकार के पांच मंत्रालयों के कुल बजट के बराबर है। उन्होंने बताया कि अकेले 22 लाख नीट अभ्यर्थी तैयारी पर 1.32 लाख करोड़ रुपये खर्च



**करियर के विकल्प थोपे जा रहे हैं 80% इंजीनियर बेरोजगार**

राहुल गांधी ने छात्रों से पूछा कि वे सिर्फ डॉक्टर, इंजीनियर या अफसर ही क्यों बनना चाहते हैं? इस पर छात्रों ने जवाब दिया कि बचपन से उन पर यही दबाव डाला जाता है. इस पर राहुल गांधी ने कहा कि देश में युवाओं को अपनी पसंद की स्ट्रीम चुनने की आजादी होनी चाहिए. आज हालात यह हैं कि कॉलेजों से निकलने वाले 1000 युवाओं में से केवल 12 को रोजगार मिल पा रहा है. देश में आज 100 में से 80 इंजीनियर बेरोजगार घूम रहे हैं।

करते हैं, जो देश के कुल शिक्षा बजट के बराबर है. वहीं, 15 लाख जेईई अभ्यर्थी 1.3 लाख करोड़ रुपये खर्च कर देते हैं. भारी-भरकम खर्च के बाद भी अंत में छात्रों से कह दिया जाता है कि उनका नंबर नहीं आएगा।

**रिजेक्शन सिस्टम' बन चुकी है हमारी शिक्षा व्यवस्था :** कांग्रेस नेता ने कहा कि हमारा एजुकेशन सिस्टम बेहद क्रूर हो चुका है. यह बच्चों को चुनने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें बाहर (रिजेक्ट) करने के लिए बनाया गया है. कार्यक्रम में मौजूद 3000 छात्रों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इनमें से UPSC और IIT में महज एक-एक छात्र का सिलेक्शन होगा, जबकि नीट में केवल 180 बच्चे चुने जाएंगे. बाकी बचे बच्चों का क्या होगा? यह सिस्टम युवाओं का अपमान करता है और उन्हें आत्मघाती कदम उठाने पर मजबूर करता है. उन्होंने छात्रा आंकाक्षा का सुसाइड नोट दिखाते हुए कहा कि यह उस बच्ची की नाकामी नहीं बल्कि हमारे सिस्टम की नाकामी है।

**सिस्टम बदलने के लिए आंदोलन की जरूरत:** राहुल गांधी ने देश के भविष्य को बचाने के लिए इस क्रूर व्यवस्था को बदलने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि असली एजुकेशन सिस्टम वह होता है, जहां हर बच्चा बड़े से बड़ा सपना देख सके और उसे बेहद कम खर्च में पूरा कर सके। उन्होंने युवाओं से इस व्यवस्था को बदलने के लिए सुझाव मांगे और कहा कि यह एक बड़े आंदोलन की शुरुआत है, जिसमें सबको मिलकर लड़ना होगा ताकि किसी भी बच्चे को तनाव में आकर अपनी जान न गंवानी पड़े। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कोचिंग सिटी कोटा के दशहरा मैदान में देश भर से आए छात्रों से सीधा संवाद किया. 'छात्रों की गूंज' नामक इस विशेष कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि यह कोई राजनीतिक मंच नहीं है, बल्कि देश के युवाओं और छात्रों की आवाज को बुलंद करने का माध्यम है. इस दौरान उन्होंने देश के वर्तमान एजुकेशन सिस्टम पर तीखा हमला बोला और इसे छात्रों को अवसाद (डिप्रेशन) की ओर धकेलने वाला बताया। राहुल गांधी ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश का एजुकेशन सिस्टम अब सिर्फ पैसे वसूलने का जरिया बन चुका है.

## प्रयागराज में पोस्टर वॉर: राहुल गांधी को बताया भारत का सुप्रीम लीडर, कांग्रेसी नेता बोला- "खून का कतरा भी दे दूंगा



**लोक तंत्र की आवाज़**

**प्रयागराज।** कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन से पहले उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक पोस्टर जारी होने के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय स्तर पर जारी यह पोस्टर सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है।

**राहुल गांधी बने सुप्रीम लीडर प्रयागराज में लगा अनोखा पोस्टर:** जानकारी के अनुसार, कांग्रेस के स्थानीय नेता इरशाद उल्ला द्वारा जारी किए गए इस पोस्टर में राहुल गांधी को भारत का सुप्रीम लीडर बताया गया है। पोस्टर में राहुल गांधी के जन्मदिन को धूमधाम से मनाने की अपील भी की गई है। पोस्टर में राहुल गांधी को सत्य के पथिक, जन-जन के नेता और भारत का गर्व जैसे विशेषणों से संबोधित किया गया है। साथ ही यह संदेश भी दिया गया है कि सत्य, प्रेम और न्याय के मार्ग पर चलने वाला नेतृत्व ही देश को नई दिशा दे सकता है।

**राहुल के लिए खून का कतरा भी दे दूंगा'- कांग्रेस नेता :** मिली जानकारी के मुताबिक, इरशाद उल्ला ने राहुल गांधी की प्रशंसा करते हुए दावा किया कि उनके जैसा नेकदिल और रहमदिल नेता दूसरा नहीं है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश के गरीबों के सच्चे रहनुमा बन सकते हैं। पोस्टर में स्वयं को राहुल गांधी का बड़ा समर्थक बताते हुए इरशाद उल्ला ने यह भी कहा कि आवश्यकता पड़ने पर वह अपना खून का एक-एक कतरा भी उनके लिए समर्पित कर देंगे।

**सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस सियासी गलियारों में हलचल तेज:** बताया जा रहा है कि पोस्टर सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में इसकी चर्चा शुरू हो गई है। समर्थक इसे राहुल गांधी के प्रति कार्यकर्ताओं की निष्ठा का प्रतीक बता रहे हैं, जबकि विरोधी दलों के नेताओं द्वारा इस पर प्रतिक्रिया दिए जाने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल इस पोस्टर को लेकर सोशल मीडिया पर बहस का दौर जारी है।

## अयोध्या : राम मंदिर घोटाले में रडार पर आए 9 बड़े चेहरे, 19 घंटे की जांच में SIT को क्या मिला?

**लोक तंत्र की आवाज़**

**अयोध्या।** अयोध्या के भव्य राम मंदिर में चढ़ावे की कथित हेराफेरी के मामले में विशेष जांच टीम (SIT) ने अपनी कार्रवाई बेहद तेज कर दी है। इस पूरे प्रकरण में अब जांच का घेरा सिर्फ मुख्य आरोपियों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसकी आंच सुरक्षा और निगरानी विभाग के बड़े मुलाजिमों तक पहुंच चुकी है। सूत्रों की मानें तो आने वाले दिनों में जांच टीम कुछ बेहद चौंकाने वाले नामों को इस केस में शामिल कर सकती है।

अब मंदिर के भीतर लगे तीसरी आंख यानी CCTV कैमरों की देखरेख करने वाले, प्रवेश द्वारों पर चेकिंग करने वाले और सुरक्षा व्यवस्था की



कमान संभालने वाले कर्मचारी सीधे तौर पर जांच के घेरे में आ चुके हैं। टीम इस बात का पता लगा रही है कि कहीं इस बड़ी गड़बड़ी के पीछे सुरक्षा में कोई बड़ी चूक या अंदरूनी मिलीभगत तो नहीं थी। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि शक के घेरे में आए कई लोग सीधे तौर पर मंदिर ट्रस्ट के सबसे बड़े अधिकारियों से जुड़े हुए थे।

**17 साल से एक ही जगह जमे अफसर की भूमिका संदिग्ध :** इस पूरे घटनाक्रम में एक रेडियो मेंटेनेंस ऑफिसर (RMO) का नाम सबसे ज्यादा उछल रहा है। बताया जा रहा है कि यह अधिकारी मुख्य संदिग्ध टिन्नू यादव और मंदिर ट्रस्ट का बेहद करीबी है। उसकी साख का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह पिछले 17 वर्षों से बिना किसी तबादले के इसी पावन परिसर में अपनी सेवाएं दे रहा है।

जांच टीम अब इस बात की तह तक जाने में जुटी है कि आखिर किस बड़े नेता या रसूखदार व्यक्ति के संरक्षण के चलते इतने लंबे समय तक उसका ट्रांसफर नहीं हुआ। मंदिर परिसर के तमाम कैमरों की रिकॉर्डिंग को संभालना, उन्हें चालू या बंद रखना इसी अधिकारी के जिम्मे था। यह अफसर सीधे तौर पर टिन्नू यादव और ट्रस्ट के बड़े पदाधिकारी चंपत राय को अपनी रिपोर्ट सौंपता था और इसके काम के लिए परिसर में एक विशेष कमरा भी आवंटित किया गया था।

## पाकिस्तान की नई पनडुब्बी 'हंगोर' और बंगाल की खाड़ी में उसकी महत्वाकांक्षा

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** हंगोर' नाम इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना को दर्शाता है। 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान, पाकिस्तानी पनडुब्बी PNS हंगोर ने भारतीय युद्धपोत INS खुकरी को डुबो दिया था। यह घटना स्वतंत्रता के बाद भारतीय नौसेना के लिए पहली बार थी जब कोई युद्धपोत डूबा। हालांकि, INS खुकरी के डूबने का युद्ध के परिणाम पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा, क्योंकि भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान को हर मोर्चे पर पराजित किया और बांग्लादेश को स्वतंत्रता दिलाई। अब, 55 साल बाद, एक नई पाकिस्तानी 'हंगोर' चर्चा का विषय बनी हुई है। यह पनडुब्बी, जो अप्रैल में



चीन में कमीशन की गई थी, हाल ही में कराची पहुंची है।

**पाकिस्तान की नौसेना की नई रणनीति:** एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, यह नई पनडुब्बी इस्लामाबाद को बंगाल की खाड़ी में अपनी उपस्थिति बनाए रखने की क्षमता प्रदान कर सकती है। यह क्षेत्र पाकिस्तान के लिए काफी दूर है और 1971 के युद्ध के बाद से वहां उसकी नौसेना की उपस्थिति बहुत कम रही है। यह जानकारी उस समय आई है जब पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच संबंधों में सुधार हो रहा है और हिंद महासागर में नौसैनिक प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है।

**बंगाल की खाड़ी में पाकिस्तान की महत्वाकांक्षा:** पाकिस्तान की नई 'हंगोर' पनडुब्बी का आगमन और उसकी महत्वाकांक्षा दोनों ही महत्वपूर्ण हैं। यह सब पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच संबंधों में सुधार के बीच हो रहा है, जिसमें सैन्य सहयोग भी शामिल है। 1971 के युद्ध के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण रहे हैं, लेकिन अब दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू हो गई हैं।

**1971 के बाद का नया अध्याय:** हाल के समय में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच बढ़ती गतिविधियों से यह स्पष्ट होता है कि दोनों देशों के रिश्तों में एक नया मोड़ आ रहा है। इससे पूर्वी हिंद महासागर में पाकिस्तानी नौसेना की गतिविधियों में वृद्धि की संभावना भी बनती है।

## महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे को तगड़ा झटका, संसदीय बैठक से 6 सांसद गायब

**लोक तंत्र की आवाज़**

**मुंबई ।** पश्चिम बंगाल की तरह महाराष्ट्र में उद्धव ठाकर के नेतृत्व वाली शिवसेना UBT में बगावत चल रही है। क्योंकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 'ऑपरेशन टाइगर' चलाकर शिवसेना UBT के सांसदों को NDA गठबंधन में शामिल करने का प्रयास किया है। वहीं उद्धव ठाकरे ने अपने 2 सांसदों के द्वारा एकनाथ शिंदे के लोकसभा स्पीकर को दिए गए लेटर पर साइन न करने का दावा किया है। एकनाथ शिंदे गुट ऑपरेशन टाइगर सफल होने और उद्धव ठाकरे गुट ऑपरेशन टाइगर फेल होने का दावा कर रहा है। लेकिन आज सुबह महाराष्ट्र के सियासी गलियारों से चौंकान देने वाली खबर सामने आई है।



**संसदीय दल की बैठक में नहीं आए 6 सांसद:** शिवसेना (UBT) में बगावत की अटकलों के बीच उद्धव ठाकरे ने आज थ्री-लाइन व्हिप अपने सांसदों की इमरजेंसी बैठक बुलाई, जिसमें 9 में से 3 सांसद अनिल देसाई, अरविंद सावंत, राजाभाऊ वाजे ही पहुंचे। बाकी 6 सांसद ओमप्रकाश राजे निंबालकर (धाराशिव लोकसभा सीट), संजय दीना पाटिल (मुंबई उत्तर पूर्व लोकसभा सीट), संजय जाधव (परभणी लोकसभा सीट), संजय देशमुख (यवतमाल-वाशिम लोकसभा सीट), नागेश पाटिल आष्टीकर (हिंगोली लोकसभा सीट), भाऊसाहेब वाकचौरे (शिर्डी लोकसभा सीट) नहीं पहुंचे। चर्चा है कि इन सांसदों ने NDA को समर्थन दे दिया है।

**6 'गायब' सांसदों को कारण बताओ नोटिस:** संजय राउत ने संसदीय दल की मीटिंग में संसद पहुंचने के बाद मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि जो मीटिंग में आए हैं, वो हमारे हैं और जो नहीं आए, वो बेईमान और गद्दार हैं। बैठक में 6 सांसदों की गैरमौजूदगी के बारे में उद्धव ठाकरे को फोन पर जानकारी दी गई। अनुपस्थित सांसदों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाए, इस पर चर्चा हुई है। पार्टी नेतृत्व अनुशासनात्मक कार्रवाई पर विचार कर रहा है। फिलहाल 6 सांसदों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। एकनाथ शिंदे के गुट वाली शिवसेनाके ऑपरेशन टाइगर पर पलटवार किया जाएगा। अब शिवसेना UBT 'ऑपरेशन वुल्फ' चलाकर मुंहतोड़ जवाब देगी।

**संजय राउत ऑपरेशन वुल्फ पर क्या बोले?:** संजय राउत ने ऑपरेशन वुल्फ में बाघ के मेटाफर को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि अगर किसी टाइगर की सर्जरी करनी हो तो कैसे करेंगे? होश में रहते तो बाघ हाथ लगाने देगा नहीं तो बाघ को बेहोश करके सर्जरी करनी पड़ेगी। उसे दूर से ही मारकर इंजेक्शन लगाना पड़ता है। जब वह बेहोश हो जाता है तो उसके पैर बांधकर सर्जरी की जाती है। यह हमारे यहां पर संभव नहीं है।

**क्या है शिवसेना शिंदे का ऑपरेशन टाइगर?:** बता दें कि शिवसेना UBT ने दावा किया है कि ऑपरेशन टाइगर चलाकर शिवसेना शिंदे ने उनके 6 सांसद अपने पक्ष में कर लिए। सूत्रों का दावा है कि शिवसेना UBT के बागी 6 सांसदों का साइन किया हुआ लेटर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को सौंपा गया है। इन सांसदों ने बीते दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से अनौपचारिक रूप से मुलाकात की और लोकसभा में शिवसेना UBT के 9 सांसदों में से 6 का समर्थन प्राप्त है।

## पहली बार छिपाए गए भाजपा के विधायक

**लोक तंत्र की आवाज़**

**रांची।** आमतौर पर कांग्रेस या दूसरी भाजपा विरोधी पार्टियों के सांसदों और विधायकों को छिपाने की जरुरत पड़ती है। क्योंकि 'बिकने' वाले हर पार्टी में हैं और 'खरीदार' सिर्फ भाजपा है। हर बार किसी भाजपा विरोधी पार्टी के विधायक या सांसद ही पाला बदलते हैं और क्रॉस वोटिंग करते हैं और बिना किसी अपवाद के हर बार यह काम भाजपा के समर्थन में होता है। इसलिए जब झारखंड में भाजपा के विधायकों को एक होटल में शिफ्ट किया गया तो सबको हैरानी हुई। यह पहली बार हुआ है कि राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग रोकने के लिए भाजपा को अपने विधायक किसी एक जगह इकट्ठा करने की जरुरत पड़ी है। झारखंड विधानसभा की जैसी स्थिति है और



भाजपा ने जैसे उम्मीदवार को समर्थन दिया है उसे देखते हुए कायदे से विपक्षी पार्टियों यानी कांग्रेस, जेएमएम और राजद के विधायकों को छिपाने की जरुरत है।

परंतु उनकी बजाय भाजपा ने अपने विधायकों को एक होटल में शिफ्ट किया है। इससे पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद पांडेय ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि अब 56 नहीं 61 हैं। गौरतलब है कि झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन यानी जेएमएम, कांग्रेस, राजद और लेफ्ट के 56 विधायक हैं और राज्यसभा की दो सीटें जीतने के लिए इतने ही वोट की जरुरत है। जेएमएम ने दावा किया है कि पांच और विधायक उसके संपर्क में हैं, जिससे संख्या 61 हो गई है। उसके बाद भाजपा के विधायकों को होटल में शिफ्ट किया गया है। ध्यान रहे भाजपा के पास अपने 21 विधायक हैं। उनके अलावा जेएमएम, लोजपा और जदयू के तीन विधायक हैं और एक जयराम महतों हैं। इस तरह यह संख्या 25 पहुंचती है।

भाजपा समर्थित परिमल नाथवानी को जीतने के लिए 28 वोट की जरुरत होगी। उनको इतने वोट मिल जाएंगे इसमें किसी को संदेह नहीं है। लेकिन उससे पहले जेएमएम और भाजपा में नूरा कुश्ती चल रही है। जेएमएम अपनी पोजिशनिंग कर रहा है ।

## तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा उलटफेर संभव, डीएमके गठबंधन छोड़ सकती है एमडीएमके

**लोक तंत्र की आवाज़**

**चेन्नई ।** तमिलनाडु की राजनीति में जल्द ही बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एमडीएमके) के डीएमके-नीत सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस (एसपीए) से अलग होने और मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली टीवीके सरकार के करीब जाने की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, एमडीएमके 27 जून को होने वाली अपनी जनरल काउंसिल बैठक में डीएमके गठबंधन से अलग होने का औपचारिक ऐलान कर सकती है। यदि ऐसा होता है, तो



यह तमिलनाडु की राजनीति में एक बड़ा राजनीतिक पुनर्गठन माना जाएगा ।डीएमके के कई पूर्व सहयोगी दल जैसे वीसीके, आईयूएमएल, सीपीआई और सीपीएम पहले ही टीवीके सरकार को समर्थन दे चुके हैं। हालांकि एमडीएमके अब तक खुलकर सरकार के समर्थन में नहीं आ सकी, क्योंकि उसके दो विधायक डीएमके के चुनाव चिह्न 'राइजिंग सन' पर चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे थे ।पार्टी नेताओं का मानना है कि इस स्थिति में सबसे व्यावहारिक रास्ता यही है कि दोनों विधायक अपने पद से इस्तीफा दें, उपचुनाव लड़ें और दोबारा जीतने के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन का समर्थन करें ।एमडीएमके प्रमुख वाइको और उनके बेटे, तिरुचिरापल्ली से सांसद दुरई वाइको, दोनों सार्वजनिक रूप से डीएमके के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ने को लेकर खेद जता चुके हैं। हाल ही में दुरई वैको ने कहा था कि डीएमके के टिकट पर जीतने के कारण उनकी पार्टी टीवीके सरकार का समर्थन नहीं कर पा रही है, जो उनके लिए दुर्भाग्य की बात है।

## यूक्रेन का रूस पर अब तक का सबसे बड़ा हमला: मॉस्को के सभी एयरपोर्ट बंद, तेल रिफाइनरी पर भी बमबारी

**लोक तंत्र की आवाज़**

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच चार साल से ज्यादा समय से जारी जंग के बीच गुरुवार को एक बहुत बड़ा मोड़ आ गया। यूक्रेन ने रूस की राजधानी मॉस्को पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया है। इस हमले के बाद सुरक्षा कारणों से मॉस्को के सभी बड़े एयरपोर्ट पर उड़ानों को पूरी तरह रोक दिया गया है।

रूस की विमानन संस्था 'रोसावियात्स्य' ने पुष्टि की है कि हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित किया गया है। रूसी



अधिकारियों का दावा है कि उन्होंने मास्को के आसमान में यूक्रेन के 180 ड्रोनों को मार गिराया है।

**मॉस्को की तेल रिफाइनरी पर दोबारा हमला :** इस महाहमले के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने बड़ा एलान किया है। जेलेंस्की ने बताया कि यूक्रेनी सेना ने इसी हफ्ते दूसरी बार मॉस्को की एक बहुत बड़ी तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने टेलीग्राम बयान जारी करते हुए कहा कि यह हमारे शहरों और कस्बों पर किए गए रूसी हमलों का एक 'बिल्कुल जायज' जवाब है। हमारे सैनिकों ने रूस की उस सैन्य मशीनरी को चोट पहुंचाई है जो इस युद्ध को बढ़ावा देती है।

**रूस के अन्य हिस्सों में भी मची तबाही:** इसके अलावा राष्ट्रपति जेलेंस्की ने यह भी साफ किया कि यूक्रेनी सेना केवल मास्को तक ही सीमित नहीं रही। उनके जवानों ने रूस के रोस्तोव इलाके और यूक्रेन के उन हिस्सों में भी कई ठिकानों को सफलतापूर्वक तबाह कर दिया है, जिन पर रूस ने अवैध कब्जा कर रखा है। इस हमले के बाद से पूरे रूस में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### वारिसलीगंज : एस एन सिन्हा कॉलेज गेट पर नाली का पानी जमने से परेशानी



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन) :-** वारिसलीगंज नगर परिषद में कई नाला बरसात से पहले जाम होकर आसपास की सड़क पर पानी बिखेर रहा है। इस कड़ी में नप के वार्ड 09 एसएन सिन्हा कालेज के मुख्य गेट पर हर रोज नाला का पानी जमा होकर कालेज आने जाने वाले शिक्षकों विद्यार्थियों को परेशानी उत्पन्न कर रहा है ।बता दें कि नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए नगर विकास प्रति माह साफ सफाई मद पर 32 लाख रुपये खर्च करती है,बावजूद नाला का जाम होना विभागीय लापरवाही को दर्शाता है। कुछ दिनों पूर्व एसएन सिन्हा कालेज के गेट पर नालियों के गंदे बदबूदार पानी के जमा होने की खबर प्रकाशित हुई थी,तब नप के कार्यपालक पदाधिकारी तथा कनीय अभियंता स्थल पर पहुंच कर आठ दिनों के भीतर नाले की सफाई एवं नाला का पुनर्निर्माण करवाने का आश्वासन स्थानीय लोगो को दिया था ।परंतु 20 दिनों बाद भी स्थिति जस की तश बनी हुई है ।विद्यार्थी गंदे पानी में घुसकर महाविद्यालय आना जाना करते है ।जानकारी हो कि वारिसलीगंज नगर परिषद के कुल 25 वार्डों की साफ सफाई के साथ ही वारिसलीगंज बाजार के मुख्य पथों की सुबह शाम रविवार को छोड़कर सफाई एनजीओ के माध्यम से करवाई जाती है।

### पत्नी ने नशेड़ी पति को पुलिस से पकड़वाया

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन) :-** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मोसमा गांव निवासी जितेंद्र यादव की पत्नी ने पति से तंग आकर अपने पति को ही पुलिस से पकड़वा दिया। नशेड़ी की पत्नी सरिता देवी द्वारा थाना को दिए आवेदन में कहा गया है की पति प्रतिदिन शराब सेवन कर घर आते थे और बात-बात में मारपीट करने लगते थे। मंगलवार की शाम भी पति शराब सेवन कर घर पहुंचे। मारपीट करने लगे। उसके बाद अपने भाई को बुलाकर पति को पकड़कर थाने पहुंचा दिया गया।

### बिजली चोरी के आरोप में जुर्माना, प्राथमिकी दर्ज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन) :-** विद्युत आपूर्ति अनुमंडल वारिसलीगंज के छापामार दल के द्वारा छपेमारी कर चार लोगों को अवैध तरीके से बिजली उपयोग करते हुए पकड़ा गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध कनीय अभियंता राहुल कुमार के द्वारा स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के पचवारा और दरियापुर गांव में चोरी से बिजली का उपयोग करने की सूचना बाद छापेमारी की गई ।सभी चिन्हित लोगों को चोरी से बिजली का उपयोग करने के तहत 24753, 37435, 20399, तथा 47739 रूपये का जुर्माना कर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है ।कनीय अभियंता ने बताया कि बिजली चोरी से विभाग को राजस्व की क्षति होती है और इससे आम उपभोक्ताओं पर भी असर पड़ता है। उन्होंने लोगों से वैध कनेक्शन लेकर बिजली उपयोग करने की अपील की। और कहा कि अवैध तरीके से बिजली उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### नशा मुक्त भारत सप्ताह के तहत बुनियाद केंद्र हिसुआ एवं रजौली में दिलाई गई नशामुक्ति शपथ



**सुनील कुमार**
**नवादा।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित नशा मुक्त भारत सप्ताह के अवसर पर आज दिनांक 18 जून 2026 को बुनियाद केंद्र, हिसुआ एवं बुनियाद केंद्र, रजौली में नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बुनियाद केंद्र के पदाधिकारियों, कर्मियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं लाभार्थियों को नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। साथ ही नशे के दुष्प्रभावों, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक रहने तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ''नशा मुक्त भारत अभियान : विकसित भारत की पहचान'' विषय के अनुरूप विकसित एवं स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प दोहराया गया।

# विष्णुगंज गांव में शत प्रतिशत लग चुका है स्मार्ट मीटर, ग्रामीणों ने स्मार्ट मीटर के प्रति दिखाई सहभागिता

**लोकतंत्र की आवाज**



**गया जी।** वैसे तो पूरे बिहार में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में विभाग के द्वारा बड़े पैमाने पर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है, ताकि लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा सके, साथ ही बिजली की रीडिंग एवं बिल्डिंग में पूरी तरह पारदर्शिता हो।

इसी क्रम में गया जिले के दंडीबाग सेक्शन के विष्णुगंज गांव और बाजार में विभाग के लोगों के अथक प्रयास से स्मार्ट मीटर पूरी तरह से लग चुका है. इतना ही नहीं मकान मालिक एवं दुकानदार भी स्मार्ट मीटर लग जाने से पूरी तरह खुश है। विष्णुगंज बाजार निवासी नरेश चौधरी ने बताया कि पहले स्मार्ट मीटर को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन विभाग के लोगों के द्वारा इसके इस्तेमाल और एप्स के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई है, तो पता चला कि यह तो इस्तेमाल में और भी सरल है. पहले बिलिंग प्रक्रिया को लेकर मीटर रीडर का इंतजार करना पड़ता था. किसी भी जानकारी के लिए उससे बात करनी पड़ती थी, लेकिन स्मार्ट मीटर लग जाने एवं इसके एप्स से सारी जानकारी मिल जाती है. बस जरूरत है तो इसे सही तरीके से समझने और इस्तेमाल करने की। कब और कितनी खपत हो रही है ?इसकी मोबाइल से ही जानकारी मिल जाती है. कितना बिल आ रहा है ?यह भी स्वत देख सकते हैं. इससे भी बड़ी बात की इसके एप्स के माध्यम से रिचार्ज करने से बचत भी होती है. सरकार ने जो 125 यूनिट फ्री दिया है, उसका भी भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं. विभाग के लोगों के द्वारा द्वारा टैरिफ ऑफ द डे की भी जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि और लोगों को भी कहेंगे कि एक बार इसके इस्तेमाल की सही जानकारी लें. यह पूरी तरह से जनहित में एवं आम अवाम के लिए लाभदायक है। गौरतलब है कि विद्युत विभाग की टीम के द्वारा अन्य क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने पर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है. स्मार्ट मीटर लगाने से पहले उपभोक्ताओं को इसके फायदे की जानकारी दी जाती है. अगर उपभोक्ता किसी तरह का संदेह जताता है, तो पूरी पारदर्शिता के साथ उसके संदेह को दूर किया जाता है. इसके बाद ही मीटर इंस्टॉलेशन का कार्य किया जाता है। आने वाले समय में लोगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिले और स्मार्ट मीटर के प्रति लोगों का नजरिया बदले, लोग इसे बड़े पैमाने पर लगाएं और किसी भी तरह की दिक्कत होने पर संबंधित विभाग के लोगों से संपर्क करें, ऐसा प्रयास किया जा रहा है।

**स्मार्ट मीटरः आधुनिक तकनीक, स्मार्ट बचतः** सटीक बिलिंगः गलत बिल और मीटर रीडर के इंतज़ार से मुक्ति।
लाइव निगरानीः स्मार्ट ऐप से 24/7 बिजली खपत और बिल पर नज़र।
सोलर फ्रेंडलीः सोलर पैनल और नेट-मीटरिंग के साथ आसान तालमेल।
ड्डआसान भुगतानः लंबी लाइनों से छुटकारा, मोबाइल से तुरंत पेमेंट।
पूर्ण नियंत्रणः अपने बजट के अनुसार बिजली खर्च मैनेज करने की शक्ति।
प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर पोस्टपेड मीटर की तुलना में 25 पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली।
हर रिचार्ज पर 3 प्रतिशत अतिरिक्त लाभ।
दिन में 20 प्रतिशत सस्ती बिजली और 2000 रुपये से ज्यादा बैलेंस बनाए रखने पर बैंकों से ज्यादा ब्याज का लाभ।

## रजौली में अघोषित बिजली कटौती से हाहाकार, उमस भरी गर्मी में लोग बेहाल



**लोकतंत्र की आवाज**

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय समेत आसपास के दर्जनों गांवों में पिछले एक सप्ताह से हो रही अघोषित बिजली कटौती से लोगों में भारी रोष व्याप्त है। उमस भरी गर्मी में दिन-रात बार-बार बिना सूचना के बिजली गुल होने से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 24 घंटे में मुश्किल से 10-12 घंटे ही बिजली मिल रही है। दिन में हर आधे-एक घंटे पर लाइन ट्रिप कर जाती है, जबकि रात 9 बजे के बाद कई इलाकों में पूरी रात अंधेरा रहता है। उमस और गर्मी से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों का हाल बेहाल है। पंखे-कूलर बंद होने से लोग रातभर जागकर समय काट रहे हैं। इनवर्टर भी जवाब दे चुके हैं। बिजली संकट का सबसे ज्यादा असर जलापूर्ति पर पड़ा है। प्रखंड मुख्यालय और गांवों में नल-जल योजना ठप है। मोटर न चलने से लोग बूंद-बूंद पानी को भी तरस गए हैं। आटा चक्की, वेल्डिंग, साइबर कैफे, आरा मशीन जैसे छोटे उद्योग बंद हैं। दुकानदारों का कहना है कि फ्रिज-बर्फ का सामान खराब हो रहा है। किसानों ने बताया कि धान की रोपनी के समय बिजली न मिलने से पटवन नहीं हो पा रहा। छात्रों की ऑनलाइन पढ़ाई भी बाधित है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग न तो कटौती का शेड्यूल जारी करता है और न ही सूचना देता है। मेंटेनेंस के नाम पर सुबह से शाम तक लाइन काट दी जाती है। लोगों ने कहा कि शिकायत करने पर सिर्फ ₹फॉल्ट ठीक किया जा रहा है₹ का जवाब मिलता है। वहीं इस संबंध में रजौली के कनीय अभियंता भुनेश्वर प्रसाद ने बताया कि ओवरलोडिंग और बिजली तारों में बार-बार फॉल्ट के कारण ट्रिपिंग हो रही है। मरम्मत कार्य जारी है,जल्द ही आपूर्ति सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है।

## मां मंगला गौरी एवं भगवान विष्णु नगरी एव ज्ञान स्थली गया जी मे केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय का डा मनीष पंकज मिश्रा द्वारा भव्य स्वागत

**लोकतंत्र की आवाज**



**गया जी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने आज ज्ञान एवं मोक्ष की भूमि गयाजी में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को गयाजी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर श्रीमद भागवत गीता ,अंगवस्त्र और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया है। इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि 12 साल बेमिसाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में अनेको कार्य देशहित में हुआ हैं भारत को वैश्विक पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया हैं ,आर्थिक संकट के बावजूद आत्मनिर्भर भारत योजना,जनधन योजना, उज्ज्वला योजना,आयुष्मान भारत,डिजिटल इंडिया,स्टार्टअप योजनाओं से आमजन का जीवन बदला हैं। मोदी जी के नेतृत्व में आर्थिक सामाजिक, कूटनीति और सुरक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धि हासिल की हैं ।सर्जिकल स्ट्राइक,आतंक के साथ साथ नक्सल पर अंतिम प्रहार कर हाशिये पर आ गया है इसी उपलक्ष्य में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय जी आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दिए हैं ।आज स्वागत करने वाले में प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा,जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह, विजय कुमार मांझी,पूर्व संसद रामजी मांझी,हरि मांझी, राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता,संतोष ठाकुर धीरज रौनियार,,कमल सिन्हा,दीपक पाण्डेय,संतोष सिंह,अजय कुमार,शशि सिन्हा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं।

## बिहार पुलिस में चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान, कोचिंग संस्थान में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

**लोक तंत्र की आवाज**



**नरहट।** चयनित पुलिस जवानों को सम्मानित करने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में निजी संस्थान कंपटीशन कोचिंग सेंटर में बिहार पुलिस में अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों एवं शिक्षकों को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। समारोह के दौरान बिहार पुलिस में अंतिम रूप से चयनित नंदिता कुमारी, साहिल कुमार, धीरज कुमार, विकास कुमार और राकेश कुमार को सम्मानित किया गया। वहीं संस्थान के शिक्षक चंदन सर को भी अंतिम रूप से चयनित होने पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निर्देशक राकेश कुमार ने की, जबकि मंच संचालन मुकेश संगम ने किया। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश सर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के बल पर कोई भी छात्र अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए अन्य विद्यार्थियों से भी पूरी लगन और समर्पण के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का आह्वान किया। अपने संबोधन में संस्थान के निर्देशक राकेश कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि केवल चयनित अभ्यर्थियों की नहीं, बल्कि पूरे संस्थान के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि संस्थान आगे भी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर उनके सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। कार्यक्रम में राजेश सर, प्रभात सर, गोलू सर और रौशन सर सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह को सफल बनाने में विकास कुमार वंदन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सम्मान समारोह के अंत में चयनित अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं तथा विद्यार्थियों ने उनकी सफलता से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।

## सहयोग शिविर में शिक्षक ने मांगा 4 साल का बकाया-वेतन, रजौली विधायक के हस्तक्षेप पर बीईओ ने लिया आवेदन

**लोकतंत्र की आवाज**



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** प्रखंड सभागार में आयोजित सहयोग शिविर में गुरुवार को एक शिक्षक को अपना बकाया वेतन मांगने के लिए विधायक का सहारा लेना पड़ा। मामला शिक्षा विभाग से जुड़ा है। शिक्षक प्रहलाद कुमार चौधरी अपने एरियर की मांग को लेकर थक-हारकर शिविर में पहुंचे थे। रजौली विधायक विमल राजवंशी के हस्तक्षेप के बाद बीईओ सह बीसीओ ने उनका आवेदन लिया।

**कोरोना के कारण छूटी ट्रेनिंग, नौकरी से हटाए गए:** शिक्षक प्रहलाद कुमार चौधरी एक विषय में अनुत्तीर्ण होने के कारण अप्रशिक्षित रह गए थे। उन्होंने बताया कि सत्र 2017-19 के डीएलएड में अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए विभाग को पूरक परीक्षा की विज्ञप्ति निकालनी थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण 2019 के लिए विज्ञप्ति ही जारी नहीं की गई। इसी का हवाला देकर शिक्षा विभाग ने उन्हें अप्रशिक्षित घोषित करते हुए अक्टूबर 2022 में पदमुक्त कर दिया। पदमुक्त किए जाने के बाद से प्रहलाद कुमार चौधरी अपने बकाया वेतन के भुगतान के लिए बीईओ और डीपीओ कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। उनका आरोप है कि एरियर बिल पर केवल हेडमास्टर का ही हस्ताक्षर हुआ है। पिछले 4 साल से रजौली प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का हस्ताक्षर नहीं होने के कारण भुगतान अटका है। शिक्षक का कहना है कि अब उनके पास सिर्फ बकाया वेतन मिलने की आस बची है।

**शिक्षक नेता बोले- कोरोना ने छीन ली नौकरी:** रजौली प्रखंड के शिक्षक नेता अजीत कुमार ने कहा कि प्रहलाद कुमार चौधरी हमारे ही विद्यालय के टीईटी उत्तीर्ण शिक्षक थे। दुर्भाग्य है कि कोरोना के कारण उनकी नौकरी चली गई। उन्होंने बताया कि डीएलएड की 2020 तक की विज्ञप्ति तो निकली, लेकिन 2019 के लिए फॉर्म अप्लाई हेतु विज्ञप्ति ही नहीं निकाली गई। अजीत कुमार ने कहा कि प्रहलाद कुमार चौधरी ईमानदार, सरल, व्यवहारिक, अनुशासित और आज्ञाकारी शिक्षक रहे हैं। शिक्षक नेता ने रजौली प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना से आग्रह किया है कि शिक्षक प्रहलाद कुमार चौधरी का बकाया वेतन यथाशीघ्र भुगतान किया जाए। सहयोग शिविर में आए अन्य शिक्षकों ने भी चौधरी के प्रति सहानुभूति जताई और विभाग से मानवीय आधार पर निर्णय लेने की मांग की। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की पत्रावली देखकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सिरदला : प्रखंड स्तरीय सहयोग सह जन कल्याण शिविर में आए 390 आवेदन, 304 का हुआ निष्पादन

**लोकतंत्र की आवाज**




**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला (नवादा)।** सिरदला प्रखंड परिसर में आयोजित तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय सहयोग सह जन कल्याण शिविर में लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर व्यापक पहल की गई। 16, 17 एवं 18 जून को आयोजित इस शिविर में कुल 494 लोग पहुंचे, जिन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन जमा किए। प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपेश कुमार ने बताया कि शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से कुल 390 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 304 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जो कुल प्राप्त आवेदनों का लगभग 78 प्रतिशत है। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रसारित कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। शिविर में आमजन की सुविधा के लिए विभिन्न विभागों के कुल 15 स्टॉल लगाए गए थे। प्रत्येक स्टॉल पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहकर लोगों की समस्याएं सुनते रहे तथा योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराते रहे। राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, श्रम एवं अन्य विभागों से जुड़ी सेवाओं का लाभ लोगों को एक ही स्थान पर प्रदान किया गया। स्थानीय लोगों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत मिलती है तथा समस्याओं के त्वरित समाधान में सहयोग प्राप्त होता है। प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी शिविरों के आयोजन की बात कही है।

# नवादा में दंपति को दत्तक ग्रहण पूर्व पोषण हेतु बालक सुपुर्द, 4 साल की प्रतीक्षा के बाद परिवार पूरा

**लोक तंत्र की आवाज**

**सुनील कुमार**
**नवादा।** गुरुवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने पटना निवासी दंपति शशि कुमार सिंह एवं उनकी पत्नी सारिका कुमारी को बालक अनुज (नया नाम- शास्विक राज) को दत्तक ग्रहण पूर्व पोषण हेतु अस्थायी रूप से सुपुर्द किया। यह कार्रवाई दत्तक ग्रहण समिति, नवादा की अनुशंसा पर विधिवत की गई।

**सीएआरए पोर्टल के माध्यम से पूरी हुई प्रक्रिया :** दत्तक ग्रहण की समस्त प्रक्रिया केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए), नई दिल्ली, भारत सरकार के सीएआरएआइएनजीएस पोर्टल के माध्यम से दत्तक ग्रहण विनियम, 2022 तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुरूप पूरी की गई। **दंपति ने जताया आभार, कहा- 4 साल बाद परिवार पूरा हुआ :** बालक मिलने के बाद दंपति ने अत्यंत हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि लगभग चार वर्षों की प्रतीक्षा के बाद आज उनका परिवार पूर्ण हुआ है। इस अवसर पर उन्होंने जिला प्रशासन एवं संबंधित संस्थाओं के प्रति आभार जताया।

**नवादा से अब तक 61 बच्चों को मिला परिवार :** सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई रीतेश कुमार ने बताया कि विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, नवादा से 18 जून, 2026 तक कुल 14 बच्चों को अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण तथा देश के भीतर कुल 47 बच्चों को दत्तक ग्रहण के माध्यम से परिवारों को सुपुर्द किया जा चुका है। उन्होंने आम नागरिकों से दत्तक ग्रहण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और पात्र बच्चों को परिवार देने में सहयोग की अपील की।



**दत्तक ग्रहण के लिए जरूरी दस्तावेज और प्रक्रिया :** पंजीकरणः इच्छुक व्यक्ति भारत सरकार के मिशन वात्सल्य पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।
- आवश्यक दस्तावेजः पैन कार्ड, आधार कार्ड, विवाह प्रमाण पत्र, चिकित्सा फिटनेस प्रमाण पत्र, पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र तथा आय प्रमाण पत्र।
- सहायताः इच्छुक व्यक्ति स्वयं या निकटवर्ती दत्तक ग्रहण संस्थान के माध्यम से भी पंजीकरण करा सकते हैं। वर्तमान में विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, वीआईपी कॉलोनी, डीएवी पब्लिक स्कूल के समीप, नवादा में संचालित है। यहां से दत्तक ग्रहण संबंधी आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में रीतेश कुमार, सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई; अमरेंद्र मेहता, बाल संरक्षण पदाधिकारी; आदर्श निगम, प्रबंधक, विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान; बाल कल्याण समिति, नवादा के सदस्यगण एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## मुहर्रम को लेकर रजौली में प्रशासन अलर्ट, शुक्रवार को एसडीएम की अध्यक्षता में बैठक

**लोकतंत्र की आवाज**

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** आगामी मुहर्रम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए रजौली अनुमंडल प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। अनुमंडल दंडाधिकारी रजौली ने शुक्रवार को विधि-व्यवस्था से संबंधित समीक्षात्मक बैठक बुलाई है। एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन ने बताया कि मुहर्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियों को लेकर अनुमंडल सभागार में एक बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें रजौली अनुमंडल के सभी अंचल अधिकारी और सभी थानाध्यक्षों को पूर्वाभास प्रतिवेदन के साथ भाग लेने का निर्देश दिया गया है। रोह को छोड़कर सभी थाना क्षेत्रों के अधिकारी बैठक में शामिल होंगे। मुहर्रम त्योहार 26 एवं 27 जून 2026 को मनाए जाने की संभावना है। इस त्योहार में झंडे के साथ ताजिया जुलूस निकाला जाता है। जुलूस में परंपरागत हथियार यथा- लाठी, फरसा, तलवार तथा ढोल नगाड़े के साथ लोग सम्मिलित होते हैं। अनुमंडल दंडाधिकारी ने आशंका जताई है कि इस दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा विधि-व्यवस्था एवं शांति-व्यवस्था भंग करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में त्योहार को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु समय रहते विधि-व्यवस्था संधारण के साथ-साथ पर्याप्त सतर्कता एवं एहतियाती कार्रवाई जरूरी है।

### संवेदनशील स्थल चिन्हित करने का निर्देश

सभी अंचल अधिकारियों और थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि मुहर्रम के मद्देनजर अपने-अपने क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करें। साथ ही पूर्वाभास प्रतिवेदन की सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी तैयार कर 19 जून की बैठक में अनिवार्य रूप से लेकर आएं। बैठक में जुलूस मार्ग, मजिस्ट्रेट-बल की प्रतिनियुक्ति, डीजे पर रोक और सोशल मीडिया निगरानी जैसे बिंदुओं पर भी चर्चा होगी। प्रशासन ने आम लोगों से भी त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### उत्तर प्रदेश की सभी सीटों पर समाजवादी पार्टी मजबूत, भाजपा सरकार की नीतियों से जनता परेशान : राव अनवर



लोक तंत्र की आवाज
असद सिद्दीकी

देवबंद। समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव राव अनवर ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी लगातार मजबूत स्थिति में है और प्रदेश की सभी सीटों पर पार्टी का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से परेशान है और आने वाले समय में समाजवादी पार्टी को इसका व्यापक लाभ मिलेगा। राव अनवर ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। महंगाई के कारण गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवारों को रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। युवाओं के मुद्दों पर बोलते हुए राव अनवर ने कहा कि प्रदेश में बार-बार होने वाले पेपर लीक मामलों ने लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र लगातार निराशा और असमंजस की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार और शिक्षा के मुद्दों पर सरकार युवाओं की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई है। सहारनपुर की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए राव अनवर ने कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के हालिया बयानों को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की गलत बयानबाजी से पार्टी को नुकसान पहुंच रहा है और इसका सीधा फायदा भाजपा को मिल रहा है। उनके अनुसार सहारनपुर जनपद में कांग्रेस की स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है, जबकि समाजवादी पार्टी संगठनात्मक मजबूती और जनसमर्थन के बल पर दिन-प्रतिदिन आगे बढ़ रही है। राव अनवर ने विश्वास जताया कि समाजवादी पार्टी जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी और प्रदेश में पार्टी का संगठन और अधिक मजबूत होगा उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों और उपलब्धियां को पहुंचाने का आह्वान किया।

### राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ अजय तिवारी पूर्णकालिक जीवन हेतु हुए प्रस्थान



लोकतंत्र की आवाज
करीम खान

परसपुर (गोंडा)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के समर्पित कार्यकर्ता अजय तिवारी ने व्यक्तिगत जीवन से पूर्णकालिक जीवन का संकल्प लेते हुए संगठन कार्य के लिए अवध प्रांत के चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग, गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर रायबरेली में पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में प्रस्थान किया। अजय तिवारी का विद्यार्थी परिषद में कार्यकाल अत्यंत सक्रिय एवं प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने संगठन में विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। पूर्व में वे अयोध्या के साकेत महाविद्यालय में कॉलेज परिसर उपाध्यक्ष, कॉलेज मंत्री, परसपुर नगर मंत्री एवं कर्नलगंज तहसील संयोजक के दायित्व पर कार्य कर चुके हैं। वर्तमान में वे अयोध्या विभाग कार्यालय मंत्री के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। संगठन विस्तार, छात्रहित एवं सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका सदैव उल्लेखनीय रही है। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि पूर्णकालिक कार्यकर्ता संगठन की अमूल्य शक्ति होते हैं, जो अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय राष्ट्र, समाज और विद्यार्थी हित के लिए समर्पित करते हैं। अजय तिवारी का यह निर्णय विद्यार्थी परिषद की कार्यकर्ता निर्माण परंपरा को और सशक्त करेगा तथा अनेक युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देगा। पूर्णकालिक जीवन के अवसर पर अजय तिवारी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उन्हें समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझने और उन्हें पूर्ण करने का अवसर प्रदान किया है। पूर्णकालिक जीवन के माध्यम से संगठन के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने, विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान तथा राष्ट्र पुनर्निर्माण के कार्य में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर परिषद के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं शुभचिंतकों ने उनके सफल, प्रेरणादायी एवं यशस्वी पूर्णकालिक जीवन की शुभकामनाएँ व्यक्त कीं।

### विकास प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई: अवैध प्लाटिंग पर चला पीला पंजा, 30,000 वर्गमीटर क्षेत्र में किया गया ध्वस्तीकरण



लोकतंत्र की आवाज
साजिद सलमानी ब्यूरो चीफ

सहारनपुर। सहारनपुर विकास प्राधिकरण ने अब अवैध निर्माण और अनाधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज़ कर दी है। उपाध्यक्ष एवं सचिव के कड़े निर्देशों के अनुपालन में, प्राधिकरण की टीम ने आज 18 जून 2026 को जोन-01 और जोन-10 में बड़े स्तर पर सील एवं ध्वस्तीकरण का अभियान चलाया। इस कार्रवाई के अंतर्गत जोन-01 में देहरादून मेन रोड, गागलहेड़ी (पेट्रोल पंप के पास) में एक बड़ी सफलता हाथ लगी। यहाँ अमित नामक व्यक्ति द्वारा लगभग 30,000 वर्गमीटर के विशाल भूभाग पर बिना किसी स्वीकृत मानचित्र के अवैध रूप से भूमि का समतलीकरण कर प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। प्राधिकरण के दस्ते ने मौके पर पहुँचकर अवैध प्लाटिंग के कार्य को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। इस बड़ी कार्रवाई से भू-माफियाओं और अवैध निर्माणकर्ताओं में हड़कंप मच गया है।अधिकारियों के मुताबिक, क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माण के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जालौन में यात्रियों से भरी बस पलटी, 12 लोग घायल: तेज रफ्तार से बिगड़ा संतुलन, उरई से नदीगांव जा रहे थे यात्री

लोकतंत्र की अवाज



उरई। जालौन के नदीगांव थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब उरई से नदीगांव जा रही यात्रियों से भरी एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उरई से नदीगांव की ओर जा रही प्राइवेट बस नदीगांव थाना क्षेत्र के कनहरी-कनासी गांव के बीच में पहुंची ही थी कि अचानक चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया। बताया जा रहा है कि बस तेज रफ्तार में थी, जिसके चलते वह अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। बस के पलटते ही उसमें सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया और कई लोग सीटों के बीच दब गए।

**बस पलट कर सड़क किनारे खेत में जा गिरी:** घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। वहीं सूचना पर नदीगांव थाना पुलिस भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला गया। इसके बाद सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नदीगांव भेजा गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज किया जा रहा है।

हादसे में घायल अधिकांश यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि कुछ लोगों को गंभीर चोटें होने की सूचना है। चिकित्सकों द्वारा सभी घायलों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को दुर्घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

हादसे में श्यामलाल, रामवती, सुनीता, रामप्रकाश, रामश्री, रजनी, कृष्णस्वरूप, नारायण सिंह, विशाल, शिवकुमार, विनीता और अरविंद समेत दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हुए हैं। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नदीगांव पहुंचाया गया, जबकि कुछ गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच रेफर किया गया। चिकित्सकों की टीम द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है और उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और स्थानीय लोगों की सहायता से राहत कार्य शुरू कराया। एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना तथा चिकित्सकों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

प्रशासन ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार, लापरवाही और नियमों की जांच में तेज रफ्तार, लापरवाही और नियमों की अनदेखी हादसे के प्रमुख कारण माने जा रहे हैं। वहीं हेल्पर द्वारा बस चलाए जाने की बात सामने आने के बाद संबंधित बस संचालक की जिम्मेदारी भी जांच के दायरे में आ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निजी बस संचालकों द्वारा नियमों की लगातार अनदेखी की जाती है, जिससे यात्रियों की जान जोखिम में पड़ती है। लोगों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा, निजी बस संचालन और परिवहन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर गया है।

## बिजनौर शराब सेल्समैन पर जानलेवा हमला, लाखों की नकदी लूटने का आरोप, गंभीर हालत में रेफर

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्टगु रप्रीत सिंह

**चांदपुर** । थाना क्षेत्र में एक शराब सेल्समैन पर देर रात जानलेवा हमला कर लूटपाट किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हमलावरों ने सेल्समैन को अधमरी हालत में छोड़ दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऊदल सिंह पुत्र रामपाल सिंह, निवासी ग्राम गंधौर, थाना हीमपुर दीपा, ब्लॉक जलीलपुर स्थित एक शराब की दुकान पर सेल्समैन के रूप में कार्यरत हैं।

बताया जाता है कि शनिवार देर रात करीब साढ़े दस बजे वह दुकान बंद कर दिनभर की बिक्री की नकदी लेकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे दर्जनों हमलावरों ने उनकी बाइक रोक ली और लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर दिया। हमले से ऊदल सिंह सड़क पर गिर पड़े, जिसके बाद उनकी बेरहमी से पिटाई की गई। पीड़ित के अनुसार हमलावरों ने उनके पास मौजूद लाखों रुपये की नकदी भी लूट ली। घटना में ऊदल सिंह के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। जिसे लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ ले गये, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा हमलावरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीड़ित और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। लूट और हमले के आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

## जनसुनवाई के क्रम में जिलाधिकारी ने दिव्यांग व्यक्ति को मौके पर ही दिलाई ट्राईसाइकिल

लोकतंत्र की आवाज



**करीम खान**


**गोण्डा।** जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनता दर्शन जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान संवेदनशील एवं सराहनीय पहल देखने को मिली। जनसुनवाई के क्रम में दिव्यांग शिकायतकर्ता अनमोल पुत्र अयोध्या प्रसाद, निवासी ग्राम रुदौलिया करनैलगंज, गोण्डा ने अपनी समस्या को लेकर उपस्थित हुए। उनकी स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अपने कार्यालय कक्ष से बाहर आकर उनकी बातों को गंभीरता एवं भावपूर्ण ढंग से सुना।

अनमोल ने अपनी दैनिक जीवन की कठिनाइयों को साझा करते हुए आवागमन में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने तत्काल मामले की गंभीरता को समझते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों से मौके पर ही वार्ता की और आवश्यक निर्देश दिए। उनकी तत्परता और सकारात्मक पहल के परिणामस्वरूप कलेक्ट्रेट परिसर में ही दिव्यांगजन को ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई गई। साथ ही उपरोक्त व्यक्ति को दिव्यांग पेंशन व अन्य योजनाओं का लाभ शीघ्र-अतिशीघ्र दिलाने के निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने डीएम की इस संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यवाही की सराहना की। यह पहल न केवल प्रशासन की जवाबदेही को दर्शाती है, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के प्रति सहानुभूति और सहयोग की भावना को भी मजबूत करती है।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजन एवं अन्य पात्र लाभार्थियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर अपर उपजिलाधिकारी विशाल कुमार, वसीम अहमद दिव्यांग विभाग उपस्थित रहे।

## गोण्डा : ससुराल में 27 वर्षीय युवक की संदिग्ध मौत, फंदे पर लटका मिला शव

लोकतंत्र की आवाज



■ **पिता का आरोप- गला दबाकर की गई हत्या, अहमदाबाद से लौटकर पत्नी को विदा कराने गया था ननके, 4 दिन बाद मिली लाश, कोतवाली नगर में तहरीर**

**करीम खान**

**गोण्डा।** जिले के इटियाथोक क्षेत्र के 27 वर्षीय युवक की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई है। युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला, लेकिन मृतक के परिजनों ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है।

**अहमदाबाद से लौटकर गया था ससुराल:** जानकारी के अनुसार, इटियाथोक निवासी ननके (27) हाल ही में अहमदाबाद से काम करके लौटा था। बीते तीन दिनों से वह अपनी पत्नी को विदा कराने के लिए सिकटिहवा गांव स्थित ससुराल में रुका हुआ था। चौथे दिन सुबह उसका शव संदिग्ध हालत में फंदे पर लटका मिला।

**पुलिस से मिली मौत की खबर:** मृतक के परिजनों का कहना है कि उन्हें ननके की मौत की सूचना पुलिस के जरिए मिली। जब वे सिकटिहवा पहुंचे तो बेटे का शव फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ननके की गला दबाकर हत्या की गई है और बाद में आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे पर लटका दिया गया।

**पिता ने कोतवाली में दी तहरीर:** घटना से आक्रोशित मृतक के पिता ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर ससुराल वालों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है। पिता का आरोप है कि ससुराल में लगातार विवाद चल रहा था और पत्नी को विदा करने से मना किया जा रहा था।

**पुलिस जांच में जुटी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार:** कोतवाली नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है और सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। मौत आत्महत्या है या हत्या, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल ससुराल पक्ष से भी पूछताछ की जा रही है। ससुराल में दामाद की संदिग्ध मौत से इलाके में दहशत का माहौल है।

## देवबंद में मुहर्रम से पूर्व सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग

लोक तंत्र की आवाज



**असद सिद्दीकी**

**देवबंद।** थितकी अंजुमने सईदया के अध्यक्ष एवं मकतबे इमामिया थितकी के प्रबंधक सैय्यद गजनफर अली नकवी ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों से मुहर्रम-उल-हराम के मद्देनजर आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कराने की मांग की है।

जारी प्रेस बयान में सैय्यद गजनफर अली नकवी ने कहा कि मुहर्रम इस्लामी इतिहास का अत्यंत महत्वपूर्ण और श्रद्धा का महीना है, जिसमें हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके साथियों की महान कुर्बानियों को याद किया जाता है। इस दौरान क्षेत्र में मजलिसों, मातमी कार्यक्रमों तथा ताजिया जुलूसों का आयोजन होता है, जिनमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल होते हैं।

उन्होंने कहा कि मुहर्रम के दौरान आजादारों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए जुलूस मार्गों एवं धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाना चाहिए। नालियों की सफाई, कूड़े-कचरे का निस्तारण तथा जलभराव की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। साथ ही जुलूस मार्गों पर मौजूद गड्ढों को भरवाकर सड़कों को दुरुस्त कराया जाए।

नकवी ने मांग की कि मुहर्रम के दिनों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा खराब स्ट्रीट लाइटों को तत्काल ठीक कराया जाए, जिससे रात्रिकालीन कार्यक्रमों के दौरान किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो। इसके अलावा पेयजल की समुचित व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

उन्होंने प्रशासन से कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने तथा संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मुहर्रम शांति, भाईचारे, त्याग और मानवता का संदेश देता है। इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करें।

सैय्यद गजनफर अली नकवी ने आशा व्यक्त की कि जिला प्रशासन मुहर्रम की गरिमा और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, जिससे मजलिसों एवं जुलूसों का आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

## दारुल उलूम के वाइस चांसलर से मिले केनरा बैंक के सहारनपुर मंडल प्रमुख, भाईचारे का दिया संदेश

लोक तंत्र की आवाज



■ **अब्दुल शकूर ने दारुल उलूम की ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक सेवाओं की सराहना की**

**असद सिद्दीकी**

**देवबंद।** विश्व प्रसिद्ध इस्लामी शिक्षण संस्थान दारुल उलूम देवबंद के वाइस चांसलर हजरत मौलाना अब्दुल खालिक मद्रासी से केनरा बैंक सहारनपुर मंडल के हेड अब्दुल शकूर एवं हिंदू मुस्लिम भाईचारा समिति देवबंद के अध्यक्ष मोहम्मद सलीम कुरैशी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने मौलाना को गुलदस्ता भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और समाज में सद्भाव बनाए रखने को लेकर विचारों का आदान-प्रदान किया गया अब्दुल शकूर ने दारुल उलूम की ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक सेवाओं की सराहना की।

गौरतलब है कि अब्दुल शकूर मूल रूप से गुवाहाटी (असम) के निवासी हैं और वर्तमान में केनरा बैंक के सहारनपुर मंडल प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। उनके नेतृत्व में सहारनपुर मंडल की सभी केनरा बैंक शाखाओं का संचालन एवं प्रशासनिक कार्य संपन्न होता है। इस शिष्टाचार भेंट ने सामाजिक समरसता और विभिन्न वर्गों के बीच बेहतर संवाद एवं सहयोग की भावना को और मजबूत करने का संदेश दिया। इस दौरान कैनरा बैंक देवबन्द ब्रांच के मैनेजर कमलेश कुमार भी मौजूद रहे!

## नैनापुर नर्सरी में वन विभाग के अधिकारियों की सांठगांठ से हरे नीम के पेड़ों पर चल रही कुल्हाड़ी, अधिकारी मौन

लोकतंत्र की अवाज



**उरई।** जालौन के कुठोन्द क्षेत्र के नैनापुर वन विभाग के अधिकारियों और स्थानीय जिमम्मेदार अधिकारियों की कथित सरपरस्ती में नेनापुर नर्सरी क्षेत्र में हरे-भरे नीम के पेड़ों की धड़ल्ले से कटान की जा रही है बीहड़ पट्टी में हरे नीम के पेड़ो पर शासन द्वारा रोक लगाई गई इसके बाद भी वन क्षेत्र नैनापुर में हरे पेड़ो की कटान धड़ल्ले से की जा रही एक तरफ प्रशासन हर वर्ष लाखों पेड़ लगाने का काम कर रहा तो वही पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी संभालने वाला महकमा ही इस वक्त मूकदर्शक बना हुआ बैठाहै।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, वन विभाग के उच्च अधिकारियों की 'मेहरबानी' के चलते लकड़ी तस्कर बिना किसी डर भय के कीमती और हरे पेड़ों को काटने में लगे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि इस अवैध पेड़ कटान की शिकायत कई बार की जा चुकी है, लेकिन अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। सूत्रो की माने तो वन क्षेत्राधिकारी की मिली भगत से लकड़ी ठेकेदार एक पेड़ की परमिशन लेकर कई पेड़ काटते रहते जिससे पर्यावरण को दूषित करने का काम किया जा रहा हरा-भरा क्षेत्र अब पेड़ के डूडो में तब्दील होता जा रहा है। वही क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि इसी तरह कटान चलती रही तो कुछ दिन बाद क्षेत्र में हरे पेड़ देखने को नहीं मिलेगे। क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी से जांच कर कार्यवाही की मांग की। इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर भ्रष्ट दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा हरे पेड़ो की कटान बंद नहीं कराई गई तो क्षेत्रीय आम जन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव ने मोतिहारी ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
पंचायत आम निर्वाचन 2026 एवं मधुबन नगर पंचायत चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए गुरुवार को बिहार राज्य निर्वाचन आयोग, पटना के सचिव ने पूर्वी चम्पारण का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिला स्कूल मोतिहारी स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर वहां संचालित विभिन्न कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार मधुबन नगर पंचायत तथा पंचायत आम निर्वाचन 2026 मल्टी पोस्ट एस–3 ईवीएम के माध्यम से संपन्न कराया जाना है। इसके लिए जिले को कुल 3200 ईवीएम प्राप्त हुए हैं, जिनका सुरक्षित भंडारण जिला स्कूल परिसर स्थित वेयरहाउस में किया गया है।निरीक्षण के दौरान ईवीएम से संबंधित अभिलेखों, पंजीयों एवं आयोग द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार रख–रखाव व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को चुनावी तैयारियों में पूरी सतर्कता बरतने तथा सभी कार्यों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

### महात्मा गांधी ऑडिटोरियम, राजा बाजार, मोतिहारी में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में शामिल हुई बिहार सरकार के मंत्री श्रेयसी सिंह



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
12 साल विश्वास के,विकास के और जनकल्याण के" विषय पर आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों,जनकल्याणकारी योजनाओं तथा आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण हेतु किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा हुई। वहीं सभा को संबोधित करती हुई उद्योग एवं खेल के मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि यह सम्मेलन विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाने,सुशासन एवं सेवा के माध्यम से अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने तथा राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह, पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जायसवाल,भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज,बिहार राज्य मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन साहनी, विधायक प्रमोद कुमार,विधायक कृष्णनंदन पासवान,विधायक श्याम बाबू प्रसाद यादव,एवं विधायक सच्चिदानंद प्रसाद सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### चकिया: सीताकुंड धाम का सांसद राधामोहन सिंह ने किया अवलोकन,ज़िला अध्यक्ष समेत स्थानीय विधायक मौजूद



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विकास एवं जनकल्याण के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रगति पथ यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को मोतिहारी के पिपरा विधानसभा अंतर्गत सीताकुंड धाम का अवलोकन करते सांसद राधामोहन सिंह,व भाजपा के जिलाध्यक्ष पवन राज। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सह मोतिहारी सांसद राधामोहन सिंह,विधायक श्यामबाबू यादव, बिहार सरकार के मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन कुमार सहनी,ज़िला महामंत्री संजय कुमार चौधरी, विधानसभा संयोजक रोहित सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे। बता दें कि सीताकुंड धाम को सरकार द्वारा लगभग 15 करोड़ की लागत से प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। सीताकुंड धाम हमारी समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक विरासत का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। इसके विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य न केवल क्षेत्र की धार्मिक आस्था को नई पहचान प्रदान करेगा,बल्कि पर्यटन,स्थानीय रोजगार और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति देगा। यह परियोजना हमारी सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं उनके समग्र विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।

# जीरो माइल चौक पर चोरी से व्यापारियों में दहशत, आलू-प्याज दुकानदार के गल्ले से 20 हजार रुपये उड़ा ले गए चोर

लोकतंत्र की आवाज



**अमित कुमार ।**
**सौरबाजार (सहरसा )संवाददाता।** जिले के सौर बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत जीरो माइल चौक पर अज्ञात चोरों ने एक आलू एवं प्याज की दुकान को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों और आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। वहीं क्षेत्र में पुलिस गश्ती व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को लेकर भी कई सवाल खड़े होने लगे हैं। पीड़ित दुकानदार धर्मेंद्र यादव ने बताया कि वह जीरो माइल चौक के समीप आलू एवं प्याज की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बुधवार की रात रोजाना की तरह करीब 11 बजे दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। गुरुवार की अहले सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान के अंदर का नजारा देखकर स्तब्ध रह गए। उन्होंने देखा कि दुकान में रखे गल्ले का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखे करीब 20 हजार रुपये गायब थे। जब उन्होंने पूरे दुकान की जांच की तो पाया कि दुकान का पिछला दरवाजा भी टूटा हुआ है। इससे आशंका जताई जा रही है कि चोर पीछे के रास्ते दुकान में घुसे और वारदात को अंजाम देकर आसानी से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। इसके बाद पीड़ित दुकानदार ने तत्काल डायल-112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। डायल-112 के एएसआई ने बताया कि दुकान में चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है। प्राथमिक जांच में गल्ला तोड़े जाने और पीछे के दरवाजे से दुकान में प्रवेश करने की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि यदि पीड़ित थाने में लिखित आवेदन देते हैं तो मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने पुलिस गश्ती व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि रात के समय नियमित रूप से पुलिस पेट्रोलिंग होती तो इस तरह की घटना नहीं होती। लोगों ने कहा कि लगातार छोटी-बड़ी चोरी की घटनाओं से



व्यापारियों में भय का माहौल बनता जा रहा है। वहीं कई लोगों ने क्षेत्र में तेजी से फैल रहे सूखे नशे को भी अपराध बढ़ने का एक बड़ा कारण बताया। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नशे के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। फिलहाल पीड़ित दुकानदार द्वारा थाने में आवेदन दे दिया गया है। अब देखना यह होगा कि पुलिस प्रशासन इस मामले में कितनी तेजी से कार्रवाई कर अपराधियों तक पहुंच पाता है और क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिला पाता है।

## प्राकृतिक खेती कार्यशाला में फूटा किसानों का गुस्सा, यूरिया संकट पर हंगामा



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** बगहा में आयोजित एक दिवसीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला के दौरान किसानों ने यूरिया खाद की कमी को लेकर जमकर हंगामा किया। बड़ी संख्या में मौजूद किसानों ने यूरिया की किल्लत, वितरण में अनियमितता तथा पैक्सों पर खाद की अनुपलब्धता का मुद्दा उठाते हुए तत्काल समाधान की मांग की।

किसान लालबाबू यादव, मन्ना खां, छोटे श्रीवास्तव समेत अन्य किसानों ने बताया कि एक ओर उन्हें प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर वर्तमान फसल चक्र के लिए आवश्यक यूरिया समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही है। किसानों ने आशंका जताई कि खाद की कमी से धान सहित अन्य फसलों की खेती प्रभावित हो सकती है। स्थिति बिगड़ती देख कार्यक्रम में मौजूद बगहा विधायक राम सिंह ने हस्तक्षेप कर किसानों को शांत कराया। उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीर बताते हुए संबंधित अधिकारियों से शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और यूरिया संकट दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उनके आश्वासन के बाद किसान शांत हुए और कार्यशाला का कार्यक्रम आगे जारी रह सका। कार्यशाला में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने, जैविक एवं प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग तथा मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अचिंत्य कुमार लल्ला ने बताया कि कुछ किसानों ने सुझाव दिया है कि तिरुपति शुगर मिल के पास क्षेत्र के किसानों का विस्तृत डेटा उपलब्ध है। ऐसे में यूरिया वितरण की जिम्मेदारी मिल प्रशासन को सौंपी जाए, ताकि उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर किसानों के बीच पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से खाद का वितरण सुनिश्चित किया जा सके। किसानों की इस मांग पर विधायक राम सिंह ने कहा कि उनके सुझाव को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और इस दिशा में आवश्यक पहल की जाएगी।

## बंजरिया थाना पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार,भेजा जेल



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** बंजरिया थाना पुलिस ने विभिन्न कांडों में फरार चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए अग्रेतर कार्रवाई की है। पुलिस अभिलेख के अनुसार, कांड संख्या 35/26 में दर्ज मामले में झखिया गांव निवासी ध्रुव सहनी (55 वर्ष), पिता सुखाड़ी सहनी को गिरफ्तार किया गया। यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 274, 275 समेत अन्य धाराओं से संबंधित बताया गया है। वहीं कांड संख्या 178/24 में झखिया गांव निवासी भूषण सहनी उर्फ राजा भूषण कुमार (24 वर्ष), पिता बागर सहनी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। उक्त मामला बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज है। गिरफ्तारी की कार्रवाई बंजरिया थाना के पुलिस पदाधिकारियों द्वारा की गई।

## सौर बाजार में उच्च शिक्षा को मिली नई रफ्तार, राजकीय डिग्री महाविद्यालय में नामांकन प्रक्रिया शुरू

लोकतंत्र की आवाज



**अमित कुमार ।**
**सौरबाजार (सहरसा )संवाददाता।** सहरसा जिले के सौर बाजार प्रखंड क्षेत्र के छात्रों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। लंबे समय से स्थानीय स्तर पर डिग्री कॉलेज की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे अब राजकीय डिग्री महाविद्यालय सौर बाजार के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। महाविद्यालय में स्नातक (डिग्री) पाठ्यक्रम के लिए नामांकन प्रक्रिया 16 जून से शुरू कर दी गई है। नामांकन शुरू होते ही छात्र एवं छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। नामांकन के पहले दिन ही बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ महाविद्यालय पहुंचे और आवश्यक दस्तावेज जमा कर नामांकन की प्रक्रिया पूरी की। महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की चहल-पहल देखी गई। स्थानीय युवाओं ने इसे क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए खुशी व्यक्त की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धनंजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और सुव्यवस्थित तरीके से संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि पहले दिन कुल 40 छात्र एवं छात्राओं ने नामांकन लिया है। आने वाले दिनों में यह संख्या और बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा नामांकन से संबंधित सभी आवश्यक सुविधाएं कॉलेज परिसर में उपलब्ध कराई गई हैं। नामांकन कराने पहुंचे छात्रों ने बताया कि पहले उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए सहरसा या अन्य शहरों के कॉलेजों में जाना पड़ता था, जिससे समय और आर्थिक दोनों तरह की परेशानी होती थी। अब अपने ही क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की सुविधा मिलने से छात्र-छात्राओं को काफी राहत मिलेगी। अभिभावकों ने भी सरकार और शिक्षा विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे। गौरतलब है कि सौर बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। स्थानीय लोगों का मानना है कि कॉलेज के सुचारू संचालन से क्षेत्र में शिक्षा का स्तर और बेहतर होगा तथा अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं स्नातक शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। फिलहाल नामांकन प्रक्रिया जारी है और महाविद्यालय प्रशासन ने इच्छुक विद्यार्थियों से निर्धारित समय के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ नामांकन कराने की अपील की है।

## भुगतान की तारीख से पहले परिवार सहित गायब हुआ कारोबारी, 13 व्यापारियों के करोड़ों रुपये फंसने की आशंका

लोकतंत्र की आवाज



**अमित कुमार ।**
**सौरबाजार (सहरसा )संवाददाता।** सहरसा जिले के सौर बाजार में अनाज कारोबार से जुड़ा एक मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। दर्जनों छोटे व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि एक बड़े अनाज कारोबारी ने उनसे करोड़ों रुपये मूल्य का अनाज खरीदने के बाद भुगतान की तय तारीख से पहले ही परिवार सहित घर छोड़ दिया। पीड़ित व्यापारियों के अनुसार, सौर बाजार निवासी परी ट्रेडर्स के मालिक आशुतोष गुप्ता उर्फ वैष्णवी गुप्ता, जो गोपाल प्रसाद गुप्ता के पुत्र हैं, ने करीब 13 व्यापारियों से अनाज खरीदा था। व्यापारियों का कहना है कि भुगतान की तारीख 15 जून तय की गई थी। व्यापारियों ने बताया कि 15 जून की सुबह जब वे भुगतान लेने संबंधित कारोबारी के घर पहुंचे, तब पता चला कि 14 जून की रात ही पूरा परिवार घर छोड़कर चला गया है। काफी खोजबीन और मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन मोबाइल फोन भी बंद पाया गया। इसके बाद सभी व्यापारी सौर बाजार थाना पहुंचे और लिखित आवेदन देकर मामले की जांच एवं कार्रवाई की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि संबंधित कारोबारी अन्य व्यापारियों की तुलना में अधिक कीमत पर अनाज खरीदता था, जिसके कारण कई लोगों ने उस पर भरोसा करते हुए बड़ी मात्रा में अनाज उपलब्ध कराया था। कुछ व्यापारियों ने दावा किया कि उन्होंने 10 से 12 लाख रुपये तक मूल्य का अनाज दिया है। इस घटना के बाद किसानों और छोटे व्यापारियों के बीच चिंता का माहौल है। सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि जिन किसानों से अनाज खरीदकर आगे सप्लाई किया गया था, उन्हें भुगतान कैसे होगा। फिलहाल पूरे इलाके में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि, पूरे मामले की सच्चाई पुलिस जांच और प्रशासनिक कार्रवाई के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। जांच पूरी होने तक किसी भी व्यक्ति को दोषी मानना उचित नहीं होगा।

## सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा कोटवा प्रखंड में सहयोग शिविर सह जन कल्याण शिविर का निरीक्षण किया गया

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**मोतिहारी।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा के द्वारा दिनांकः 18.06.2026 को पूर्वाह्न 11:05 बजे कोटवा प्रखण्ड में सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रखण्ड स्तर के सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित पाए गए। सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के पत्र के आलोक में सभी विभागों / योजनाओं के लिए अलग-अलग काउन्टर लगाकर आम लोगों की समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र विभागीय पदाधिकारी/कर्मियों द्वारा प्राप्त किया जा रहा था। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा बारी-बारी से सभी काउन्टरों का निरीक्षण किया गया तथा काउन्टर पर उपस्थित पदाधिकारियों/कर्मियों से उनके विभाग द्वारा कार्यान्वित योजनाओं एवं आम जनता से प्राप्त हो रहे समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गयी साथ हीं उन्हें जन-साधारण से अच्छा व्यवहार रखने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का त्वरित एवं निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। शिविर में समस्याओं के समाधान हेतु उपस्थित लोगों से भी बात की गयी। लोगों से बात-चीत करने पर यह प्रतीत हुआ कि इस तरह के शिविरों के आयोजन से आम जन में सकारात्मक विचार उत्पन्न हो रहे हैं। शिविर की व्यवस्थाएँ संतोषजनक पायी गयी। अंत में सभी पदाधिकारियों को अपराह्न 05:00 बजे तक शिविर में उपस्थित रहकर आम जनता की समस्याओं को सुनने तथा उसका समाधान सुनिश्चित करने साथ ही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,कोटवा को स्वयं इसकी निगरानी करने का निदेश दिया गया।

## वीटीआर में सेमल की लकड़ी तस्करी का भंडाफोड़, उत्तर प्रदेश का ट्रक चालक गिरफ्तार, अवैध कटाई में पांच अन्य लोगों की तलाश

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
बगहा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के चिउटाहा वन क्षेत्र में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से काटी गई सेमल की लकड़ी से लदा ट्रक जब्त किया है। मामले में एक तस्कर गिरफ्तार हुआ है, जबकि पांच अन्य आरोपितों की तलाश जारी है। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के चिउटाहा वन क्षेत्र में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से काटी गई सेमल की लकड़ी की खेप जब्त की है। इस मामले में उत्तर प्रदेश के एक ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया है। वन विभाग का कहना है कि उत्तर प्रदेश के लकड़ी तस्कर स्थानीय लोगों की मदद से वीटीआर के जंगलों को निशाना बना रहे हैं। गुप्त सूचना के आधार पर चिउटाहा वन क्षेत्र के रेंजर अमित कुमार के नेतृत्व में वनकर्मियों की टीम ने भेलाही गांव में छापेमारी की। इस दौरान सेमल की लकड़ी से लदे ट्रक (यूपी-57-टी-6452) को जब्त कर लिया गया। मौके से ट्रक चालक अनिल कुमार गुप्ता, निवासी पडरौना (उत्तर प्रदेश), को गिरफ्तार किया गया। वन प्रमंडल-दो के डीएफओ विकास अहलावत ने बताया कि सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश के कुछ लोग भेलाही गांव में ठहरे हुए हैं और स्थानीय लोगों के सहयोग से वीटीआर के जंगलों से



सेमल के पेड़ काटकर लकड़ी को गांव के बाहर सुरक्षित रख रहे हैं। बाद में इस लकड़ी को ट्रक के माध्यम से उत्तर प्रदेश भेजने की तैयारी थी। सूचना के सत्यापन के बाद विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की गई। जांच के दौरान जब्त ट्रक पर पूरी खेप सेमल की लकड़ी की पाई गई। पूछताछ में आरोपी ने दावा किया कि पेड़ रैयती भूमि से काटा गया था, लेकिन वह कटाई से संबंधित कोई वैध दस्तावेज अथवा अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सका। आगे की जांच में स्पष्ट हुआ कि पेड़ वन भूमि पर स्थित था और उसकी अवैध कटाई की गई थी। वन विभाग ने ट्रक एवं लकड़ी की खेप जब्त कर आरोपी अनिल कुमार गुप्ता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। गुरुवार को उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। डीएफओ ने बताया कि इस मामले में पांच अन्य लोगों की संलिप्तता भी सामने आई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि क्या इसी गिरोह द्वारा पूर्व में भी वीटीआर के जंगलों से लकड़ी की तस्करी की गई थी।

## बगहा विधायक राम सिंह का प्रखंड सह अंचल कार्यालय में औचक निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** आम लोगों को बेहतर सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधायक राम सिंह ने बगहा-1 प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया और अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पश्चिमी चंपारण के बगहा विधायक राम सिंह ने आम जनमानस की सुविधा और सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लेने के लिए बगहा-1 प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का बारीकी से अवलोकन किया तथा वहां अपने कार्यों के लिए पहुंचे



नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। विधायक ने आम लोगों से मुलाकात कर राजस्व, दाखिल-खारिज, जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रशासनिक कार्यों से संबंधित परेशानियों को सुना। उन्होंने अधिकारियों से इन मामलों की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त की और समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान विधायक राम सिंह ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अंचलाधिकारी नर्मदा श्रीवास्तव को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालय में आने वाले किसी भी फरियादी के आवेदन को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा सभी मामलों का नियमानुसार शीघ्र निष्पादन किया जाए।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजली चोरी के विरुद्ध जुर्माना के साथ प्राथमिकी दर्ज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-** वारिसलीगंज विद्युत विभाग का छापेमारी दल ने थाना क्षेत्र में चोरी से बिजली का उपयोग करने वाले के विरुद्ध बुधवार को छापेमारी अभियान चलाया। इस क्रम में सौर पंचायत की महदीपुर गांव निवासी मंटुस मिस्त्री के आवसीय परिसर में बाइपास कर बिजली का उपयोग करते चिन्हित किया गया। बाद में कनीय विधुत अभियंता राहुल कुमार के आवेदन पर स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए 15262/-रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### सांसद ने धेवधा में किया पौधरोपण



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड के अंतर्गत गांव धेवधा विकास समिति के बैनर तले चलाए जा रहे पौधरोपण महाअभियान एक पेड़ मातृभूमि के नाम के तहत आयोजित कार्यक्रम में सांसद विवेक ठाकुर ने पौधरोपण किया। उन्होंने इस कार्य मे लगे सभी लोगों की सराहना की। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक पौधे लगाए। इस बीच धेवधा विकास समिति के लोगों ने विभिन्न मांगों को लेकर आवेदन दिया। इस अवसर पर विश्वसुश्री के प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार,जिला परिषद सदस्या बच्चन देवी के प्रतिनिधि पंकज सिंह, अंशुमान शर्मा, मनोज कुमार, पूर्णेन्दु मिश्रा सहित धेवधा विकास समिति के लोग शामिल थे।

### मां मंगला गौरी एवं भगवान विष्णु नगरी एव ज्ञान स्थली गया जी मे केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय का डा मनीष पंकज मिश्रा द्वारा भव्य स्वागत



**गया जी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने आज ज्ञान एवं मोक्ष की भूमि गयाजी में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को गयाजी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर श्रीमद भागवत गीता ,अंगवस्त्र और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया है। इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि 12 साल बेमिसाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में अनेको कार्य देशहित में हुआ हैं भारत को वैश्विक पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया हैं ,आर्थिक संकट के बावजूद आत्मनिर्भर भारत योजना,जनधन योजना, उज्ज्वला योजना,आयुष्मान भारत,डिजिटल इंडिया,स्टार्टअप योजनाओं से आमजन का जीवन बदला हैं। मोदी जी के नेतृत्व में आर्थिक सामाजिक, कूटनीति और सुरक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धि हासिल की हैं ।सर्जिकल स्ट्राइक,आतंक के साथ साथ नक्सल पर अंतिम प्रहार कर हाशिये पर आ गया है इसी उपलक्ष्य में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय जी आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दिए हैं ।आज स्वागत करने वाले में प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा,जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह, विजय कुमार मांझी,पूर्व संसद रामजी मांझी,हरि मांझी, राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता,संतोष ठाकुर धीरज रौनियार,,कमल सिन्हा,दीपक पाण्डेय,संतोष सिंह,अजय कुमार,शशि सिन्हा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं।

# वारिसलीगंज : जल जीवन हरियाली योजना से जीर्णोद्धार होगा मकनपुर अनुसूचित टोला का सरकारी कुंआ

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-** वारिसलीगंज प्रखण्ड के मकनपुर गांव स्थित रविदास टोला का दशकों पुराना सरकारी कुंआ को अब अपनी पुरानी पहचान मिलने की संभावना बन रही है। एक दशक पहले तक यह कुंआ रविदास टोले के दर्जनों परिवारों की प्यास बुझाता था, लेकिन पिछले एक दशक से उपेक्षा का शिकार होकर मोहल्ले वालों का कूड़ेदान बन चुका था। अब बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी ₹जल जीवन हरियाली योजना₹ के तहत इस कुंए का जीर्णोद्धार किया जाएगा। नल जल की व्यवस्था होने के बाद मोहल्लेवासियों ने सरकारी कुंए को भरकर उक्त स्थान पर सामुदायिक भवन बनवाने के प्रयास में है, जबकि उक्त कुएं की पानी से सैकड़ो लोगो की प्यास तो बुझती ही थी। आसपास के खेतो में लगी सब्जियों की सिंचाई भी की जाती थी। ग्रामीण बताते है कि शादी विवाह में कुछ रश्म कुंए पर की जाती थी। ग्रामीणों ने बताया कि 10 साल पहले तक इस कुंए से 40 से अधिक परिवार रोज पानी भरते थे। हैंडपंप लगने और पाइपलाइन बिछने के बाद इसकी अनदेखी होने लगी। रखरखाव न होने से कुंआ कचरे और गंदगी से पट गया। बरसात में इसमें गंदा पानी जमा होने से बीमारी फैलने का डर भी बना रहता था। जल जीवन हरियाली योजना के तहत कुंए की गाद सफाई, चारदीवारी मरम्मत और टूटे फूटे चौताल की मरम्मती होने की संभावना बनी है। मनरेगा के कार्यक्रम प्रखण्ड पदाधिकारी कुमुद रंजन ने बताया कि योजना के तहत नया कुंआ निर्माण तथा मकनपुर समेत कई गांवों के पुराने जलस्त्रोतों को पुनर्जीवित किया जा रहा है। कुंए के जीर्णोद्धार से रविदास टोला के लोगों को पामी की समस्या से राहत मिलेगी और भूजल स्तर भी बेहतर होगा।

**क्या कहते है अधिकारी:** कुंआ में कचरा भरे होने की शिकायत मिली है। निरीक्षण पश्चात जलजीवन हरियाली योजना के तहत जीर्णोद्धार करवाया जाएगा।
कुमुद रंजन, पीओ, जी राम जी, वारिसलीगंज।

# पोते की मौत से आहत दादा ने लगाई पुलिस से न्याय की गुहार



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-** मकनपुर ग्रामीण प्यारे मांझी गुरुवार को सपरिवार वारिसलीगंज थाना पहुंचकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। प्यारे मांझी ने बताया की उनका पुत्र भूषण मांझी दूसरे प्रदेश के इंट भट्ठा पर कमाई के लिए गया हुआ है। भूषण का छोटा पुत्र 10 वर्षीय रवि मांझी ठेरा पंचायत की नत्थू बीघा स्थित अपने ननिहाल में रहता था। किसी ने रवि के दादा को सूचना दिया कि आपका पोता रवि मांझी की मौत बुधवार को सड़क दुर्घटना में हो गई है। ततपश्चात पीड़ित स्वजन ने नत्थू बीघा पहुंचकर पोते के मामा राजेश मांझी से जानकारी लिया, तब बताया गया कि आपका पोता रवि मांझी की मौत किसी अज्ञात वाहन से कुचल जाने से हो गई है। जल्दबाजी में पोस्टमार्टम में भेजने के चक्कर में आपको सूचना नहीं दे पाया। इतना सुनकर मृतक का दादा अपने पोते के शव को देखने का जिद करने लगा। तब कहा गया कि पोस्टमार्टम करा कर शव को जमींदोज कर दिया गया है। जिससे क्षुब्ध प्यारे मांझी व स्वजन ने गुरुवार को थाना पहुंचकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। कहा गया कि बालक रवि की मां की मौत कुछ वर्ष पहले हो गई थी। तब से रवि ननिहाल में रहता था।जिसकी मौत की सूचना उसके ननिहाल वालो ने हमलोगों को नहीं दिया है। बताया गया कि रवि चार भाइयों में सबसे छोटा था। जो मां की मृत्यु बाद ज्यादातर ननिहाल में रहता था।

वारिसलीगंज थानाध्यक्ष ने कहा कि बालक रवि की सड़क दुर्घटना में मौत की सूचना उसके पैतृक घर मकनपुर के स्वजन को देना चाहिए था। अगर ऐसा नही हुआ तो गलत है। थानाध्यक्ष ने मृत बालक के स्वजन को मृत्यु उपरांत मिलने वाला सरकारी लाभ दिलवाने के आश्वासन दिया।

# पीएम परिवहन योजना के आवेदन प्रक्रिया बाद होगा निष्पादन

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-** वारिसलीगंज प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जन कल्याण सहयोग शिविर के अंतिम दिन विभिन्न योजनाओं के कुल 151 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 133 का निष्पादन किया गया। शिविर में सर्वाधिक पेंशन योजना से जुड़े 61 आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें ज्यादातर महिलाओं का केवाईसी की कमी पाई गई, जिसे आन द स्पाट निबटारा किया गया। मौके पर मकनपुर गांव की जया देवी, फुलवा देवी, मदन मांझी का केवाईसी समिट कर आगे से पेंशन मिलने का आश्वासन दिया गया। जबकि उतर बाजार वारिसलीगंज निवासी शंकर प्रसाद ने बताया कि 15 मई 2026 को आवेदन दिया था अभी तक कोई अता पता नहीं है। जांचोपरांत बताया गया कि उक्त व्यक्ति का आवेदन अभी प्रोसेस में है। नगर के विशनपुर ग्रामीण दुखनी देवी का कहना है कि मेरे पीएनबी के अकाउंट में कई महीने से पेंशन नहीं जा रहा है। जिसे जांच बाद बताया गया कि वृद्ध महिला का अकाउंट नम्बर गलत है। सुधारने के लिए आवेदन की मांग की गई। इस क्रम में सीएम परिवहन योजना के लाभुकों को कहा गया कि आपका आवेदन जांच प्रक्रिया के बाद निष्पादन होगी। जबकि पीएम किसान, राशन कार्ड, जीरामजी योजना में जाब कार्ड, पीएम सूर्यघर योजना, आयुष्मान कार्ड, आधार पंजीकरण, आधार सुधार, पीएम आवास योजना, जीविका तथा उज्जवला योजना से जुड़ा आवेदन प्राप्त हुआ। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, सीओ राजेश कुमार, एमओ गुंजन भारती, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी कपिल देव प्रसाद, मनरेगा पीओ कुमुद रंजन समेत अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लूटकांड की सूचना दबाने पर बड़ी कार्रवाई, रामनगर के तत्कालीन थानाध्यक्ष समेत दो पुलिस अधिकारी निलंबित, एसपी ने दी सख्त चेतावनी

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** रामनगर थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना को गंभीरता से नहीं लेने और वरीय अधिकारियों को समय पर सूचना नहीं देने के मामले में पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस उपमहानिरीक्षक की स्वीकृति के बाद रामनगर के तत्कालीन थानाध्यक्ष सहित दो पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक रामानंद कौशल ने बताया कि रामनगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर नकदी और मोबाइल फोन लूटे जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) बगहा निहार भूषण से तत्काल जांच कराई गई। जांच में सामने आया कि 15 जून की रात भैरोगंज थाना क्षेत्र के बॉसगांव परसौनी निवासी सतीश चंद्र पांडेय के साथ अज्ञात अपराधियों ने मारपीट कर 20 हजार रुपये नकद एवं एक मोबाइल फोन लूट लिया था। पीड़ित ने घटना की सूचना रामनगर थाना को दी थी, लेकिन थाना स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि रामनगर थाना के तत्कालीन थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार तथा गश्ती पदाधिकारी पुलिस अवर निरीक्षक अखिलेश कुमार राय ने घटना की जानकारी समय पर वरीय अधिकारियों को नहीं दी। साथ ही मामले में तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू करने की प्रक्रिया भी नहीं अपनाई गई। पुलिस प्रशासन ने इसे घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता माना है। एसपी रामानंद कौशल ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशैली से पुलिस की छवि धूमिल होती है तथा आम जनता के बीच अविश्वास की भावना पैदा होती है।



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक हरि किशोर राय की स्वीकृति के बाद दोनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। एसपी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में किसी भी थाना क्षेत्र में घटित छोटी या बड़ी घटना की सूचना छिपाने अथवा समय पर कार्रवाई नहीं करने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध भी कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# 12 साल विश्वास के ,विकास के ,जनकल्याण के गौरवपूर्ण सफर रहा : केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह मुंगेर**

मुंगेर 18 जून 2026 केंद्रीय पंचायती राज ,मत्स्य पालन ,पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह मुंगेर पोलो मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में शामिल हुए साथ ही साथ मुंगेर भाजपा विधायक कुमार प्रणय,जमालपुर विधानसभा विधायक नचिकेता मंडल, भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रोफेसर अरुण कुमार पोद्दार, मुंगेर जिला जनता दल यूनाइटेड जिला अध्यक्ष सौरभ निधि, तारापुर विधानसभा के पूर्व विधायक राजीव कुमार सिंह , जनता दल यूनाइटेड प्रदेश महिला महासचिव बबीता राय, भारतीय जनता पार्टी एमएलसी लालमोहन तांती, धरहरा प्रखंड अध्यक्ष नवीन कुमार सिंह, मुंगेर जिला जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत सिंह ,व अन्य भाजपा एवं जनता दल यूनाइटेड के सहयोगी दलों के नेता भी शामिल हुए! केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने अपने अभिभाषण के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल विश्वास के ,विकास के, जनकल्याण के सफल एवं गौरवपूर्ण सफर के उपलक्ष में आज अपने संसदीय क्षेत्र मुंगेर स्थित ऐतिहासिक पोलो मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को संबोधित किया! पिछले 12 वर्षों में भारत में सुशासन ,जनकल्याण ,आधारभूत संरचना ,आत्मनिर्भरता और समावेशी विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की है ! विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए हम सभी पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं! सबका साथ, सबका विकास ,सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ विकसित भारत के निर्माण का यह संकल्प निरंतर आगे बढ़ रहा है !



# वारिसलीगंज : क्षेत्र में बढ़ रहा ठगी का नया तरीका, थाना में मुकदमा होते ही आईओ बनकर मांगी जाती है राशि

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-** जामताड़ा की तरह वारिसलीगंज में नित्य नया ठगी के तरीके का ईजाद हो रहा है। ठग अपने धंधे को गति प्रदान करने को लेकर ठगी का तरीका बदलते रहता है। पहले चेहरा पहचानो से शुरू हुआ ठगी अब लोन दिलवाने के झांसे देकर लोगो को अपने जाल में फसाते है। जैसे की विश्व व्यापी महामारी कोरोना काल में अस्पताल में भर्ती मरीज के स्वजन का मोबाइल फोन पता कर रेडमेसिवर सुई समेत अन्य जीवन रक्षक दवा उपलब्ध करवाने के नाम पर ठगी की गई थी। फिलहाल अगर कोई व्यक्ति थाने मुकदमा दर्ज करता है तो केश के आन लाइन होते ही ठग सक्रीय होकर प्राथमिकी से मोबाइल नम्बर लेकर संबंध मुदय को फोन कर मुकदमा का आईओ होने की बात कह पैरबी के नाम पर ठगी शुरू की जाती है। इस प्रकार की ठगी का शिकार होने से वारिसलीगंज थाना के मसुदा गांव का एक व्यक्ति अपनी सूझ बूझ से बच गया। ग्रामीण रामचन्द्र महथा ने बताया कि दो दिन पूर्व मैने अपने साथ घटित मारपीट की घटना की प्राथमिकी दर्ज करवाया था। प्राथमिकी आन लाइन होते ही किसी अनजान नम्बर से फोन आया और केश में मनमुताबिक पैरबी का भरोसा देकर सात हजार रुपए की मांग की गई। परंतु रामचंद्र ने कहा कि पैसा थाना आकर दूंगा। तब ठग अपनी मकसद नाकाम होकर फोन कट कर दिया। इसी प्रकार क्षेत्र के साइबर ठगी नित्य ठगी नया तरकीब ढूंढते रहता है।



# दाउदनगर में भाकपा(माले) का धरना, गरीबों के विस्थापन व भ्रष्टाचार के खिलाफ बुलंद हुई आवाज

लोकतंत्र की आवाज

**अभिमन्यु कुमार प्रखंड संवाददाता दाऊदनगर**

दाउदनगर (औरंगाबाद), अनुमंडल अंतर्गत 18 जून 2026। जनता के ज्वलंत सवालों को लेकर भाकपा(माले) के बैनर तले गुरुवार को दाउदनगर प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना की अध्यक्षता चंद्रमा पासवान (प्रखंड सचिव एवं राज्य कमिटी सदस्य) ने की। कार्यक्रम के बाद प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को 11 सूत्री मांगों का स्मार-पत्र सौंपा। धरना को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता मुनिरक राम (जिला सचिव एवं राज्य कमिटी सदस्य) ने कहा कि बिहार में गरीबों, किसानों, मजदूरों और भूमिहीनों के अधिकारों पर लगातार हमला हो रहा है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर गरीबों को उजाड़ा जा रहा है, जबकि उन्हें वैकल्पिक आवास और जमीन उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने आम जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। अध्यक्षीय संबोधन में चंद्रमा पासवान ने कहा कि वर्षों से गैरमजरुआ, भूदान तथा अन्य सरकारी जमीनों पर बसे गरीब परिवारों को बुलडोजर के जरिए उजाड़ने की कार्रवाई बंद होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि दाखिल-खारिज, परिमार्जन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा तथा प्रमाण-पत्र निर्गत करने जैसी योजनाओं और सेवाओं में व्यापक भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने सभी भूमिहीन गरीब परिवारों को पांच डिसमिल जमीन आवंटित करने तथा वर्षों से बसे लोगों को बासगीत पर्चा देने की मांग की। विशिष्ट अतिथि जनार्दन प्रसाद सिंह (पूर्व जिला सचिव एवं जिला कमिटी सदस्य) ने कहा कि गरीब विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष को और मजबूत किया जाएगा। वहीं बिरजू चौधरी (नगर सचिव एवं जिला कमिटी सदस्य), कामता प्रसाद यादव (प्रखंड सचिव, हसपुरा), राजकुमार भगत (प्रखंड सांसद प्रतिनिधि), दूधेश्वर मेहता (प्रखंड सचिव, किसान महासभा), महेंद्र राम, मीना सिंह तथा अवधेश गिरी ने भी अपने विचार रखे और जनसमस्याओं के समाधान की मांग की। धरना में अतिक्रमण के नाम पर गरीबों को उजाड़ने पर रोक लगाने, दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन में अवैध वसूली बंद करने, प्रधानमंत्री आवास योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, मनरेगा के तहत 200 दिन रोजगार एवं 600 रुपये दैनिक मजदूरी लागू करने, सभी गांवों में नल-जल योजना को सुचारू करने, किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराने, भूमिहीनों को आवासीय जमीन देने, समान शिक्षा व्यवस्था लागू करने तथा स्मार्ट मीटर बंद करने सहित कई मांगें उठाई गईं।



# मेरा युवा भारत का एक्सपीरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम सदर अस्पताल मुंगेर में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र मैं किया गया

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह/**

मुंगेर, 18 जून 2026। श्री मयंक, जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत (ट ईं१३) मुंगेर के निर्देशानुसार दिनांक 18 जून 2026 से 22 जून 2026 तक प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, सदर अस्पताल मुंगेर में 30 घंटे का एक्सपीरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की कार्यप्रणाली से अवगत कराना तथा जन औषधि केंद्रों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाइयों और स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व को समझाना है। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को जन औषधि केंद्र की विभिन्न गतिविधियों, दवा वितरण व्यवस्था एवं आम जनता को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में कुणाल कुमार, अंकित राज, अपराजिता कुमारी, मोनिका कुमारी सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित थे। मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम युवाओं को स्वास्थ्य क्षेत्र से जोड़ने तथा समाज में जन औषधि केंद्रों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



## संक्षिप्त खबरें ।

### आधार कार्ड में छेड़छाड़ कर दोबारा सिपाही भर्ती परीक्षा दे रहा युवक गिरफ्तार

**कैमूर।** सिपाही भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा कर दोबारा शामिल होने का प्रयास कर रहे एक युवक को भभुआ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि युवक ने अपने आधार कार्ड और दस्तावेजों में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से छेड़छाड़ कर नाम बदलकर परीक्षा दी थी। गिरफ्तार युवक की पहचान गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के मायापुर निवासी प्रताप शंकर सिंह के पुत्र रवि कुमार के रूप में हुई है। इस संबंध में अधौरा के प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी-सह-प्रेक्षक अमन कुमार राय के आवेदन पर भभुआ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 17 जून को केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल एवं चलंत दस्ता सिपाही पदों की लिखित परीक्षा सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय केंद्र पर संचालित हो रही थी। द्वितीय पाली की परीक्षा के दौरान सूचना मिली कि कक्ष संख्या 126 में परीक्षा दे रहा अभ्यर्थी रवि कुमार पूर्व में 14 जून को भोजपुर जिले के आरा स्थित आरबीएस स्कूल, सलेमपुर परीक्षा केंद्र पर रवि शंकर नाम से आयोजित मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल हो चुका है। जांच के दौरान पाया गया कि अभ्यर्थी ने आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में कथित रूप से छेड़छाड़ कर पुनः परीक्षा में भाग लिया। भभुआ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस जब्त दस्तावेजों की जांच कर रही है तथा यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि फर्जीवाड़े में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### कैमूर में रालोजपा एमएलसी असरफ अंसारी का भव्य अभिनंदन समारोह




**मोहनिया।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के नवनिर्वाचित विधान पार्षद (टछ्उ) असरफ अंसारी के प्रथम कैमूर आगमन पर मोहनिया प्रखंड के अवारी में एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में मीडिया से मुखातिब होते हुए असरफ अंसारी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ₹कैमूर में पार्टी के प्रतिनिधित्व की मांग लंबे समय से थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्थानीय साथियों की इस इच्छा का सम्मान करते हुए मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है। यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि कैमूर के हर एक साथी का सम्मान है। उन्होंने बिहार की वर्तमान एनडीए सरकार की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में 'जीरो टॉलरेंस' की सरकार चल रही है, जहां किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग आज बिहार के विकास की चिंता का ढोंग कर धरना दे रहे हैं, वे खुद सदन और अपने ही धरने से नदारद रहते हैं। असरफ अंसारी ने भावुक होते हुए कहा, ₹मैं इसी मिट्टी में पला-बढ़ा हूँ। अपने लोगों के बीच आकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूँगा।₹ इस अवसर पर भारी संख्या में रालोजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस का प्रदर्शन, देश में बढ़ती महंगाई-भ्रष्टाचार-पेपर लीक के खिलाफ मोदी का पुतला दहन

लोकतंत्र की आवाज

संवाददाता / विनोद कुमार राम

कैमूर भभुआ-देश में बढ़ती महंगाई, व्याप्त भ्रष्टाचार, पेपर लीक और बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कैमूर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को भभुआ एकता चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा ने की और संचालन प्रखंड अध्यक्ष हरीश तिवारी ने किया।



**बिजली विभाग से एकता चौक तक जुलूस :** प्रदर्शनकारियों ने भभुआ-चैनपुर रोड स्थित बिजली विभाग से जुलूस शुरू किया। पटेल चौक, जय प्रकाश चौक, नगर पालिका गेट होते हुए जुलूस गांधी मूर्ति एकता चौक पहुंचा। वहां ₹भारत के सरेंडर प्रधानमंत्री₹ के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया।

**सांसद मनोज कुमार ने साधा निशाना :** सासाराम संसदीय क्षेत्र के सांसद मनोज कुमार ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में बेतहाशा महंगाई बढ़ रही है। केंद्र सरकार के मुखिया अपने चहेते उद्योगपति के चक्कर में देश की अर्थव्यवस्था चौपट कर दी है। महंगाई, बेरोजगारी विकराल रूप ले रही है। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने कई लुभावने वादे कर जनता से वोट लिए, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। छात्र के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर आउट होना, खाद्य वस्तुएं, गैस सिलेंडर, डीजल-पेट्रोल की अल्प उपलब्धता - जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।

**बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता मौजूद :** कार्यक्रम में युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुमित पांडेय, ठरवक अध्यक्ष आनंद मोहन पटेल, जिला सचिव महेंद्र राम, पूर्व जिलाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र पाल, पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि मोहन राम, जिला प्रवक्ता सैयद नफीसुद्दीन, पूर्व प्रदेश सचिव सुदर्शन राम, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव अभिनव सिंह, मोहनिया प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश, जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडेय, चांद प्रखंड अध्यक्ष राजेश राम, कुदरा प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, एससी सेल प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश पासवान, एससी जिला अध्यक्ष नीतीश कुमार, महिला सेल नेत्री सुनीता कुमारी, बाबा राजकेश्वर तिवारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा की घोषणा पर बहोरनपुर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज

**भभुआ कैमूर**-माननीय मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान कैमूर जिले में की गई घोषणा के आलोक में भगवानपुर प्रखंड के पढ़ौती पंचायत स्थित मौजा बहोरनपुर में निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कैमूर एवं बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड पटना के कनीय अभियंता तथा जिले के विभिन्न खेलों के टेक्निकल पदाधिकारियों के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

**37 करोड़ 11 लाख 15 हजार की लागत :** जिला खेल मीडिया प्रभारी डॉ. तुलसी प्रसाद सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा के दौरान कैमूर में 37 करोड़ 11 लाख 15 हजार रुपये की लागत से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है।

इसमें फुटबॉल खेल मैदान गैलरी के साथ इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मल्टीपरपस हॉल जिसमें योगा, बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, कबड्डी, कुश्ती हॉल, ताइक्वांडो, चेंजिंग रूम, दो पब्लिक शौचालय, प्रशासनिक भवन, स्पोर्ट्स साइंस सेंटर आदि का निर्माण होगा।

**खिलाड़ियों को मिलेगा बेहतर मंच :** डॉ. तुलसी प्रसाद ने कहा कि कैमूर जिले में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बन जाने से खिलाड़ियों के विकास का बेहतर अवसर मिलेगा। इससे उनकी प्रतिभा निखरेगी और उन्हें उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जा सकेगा। निरीक्षण में उपस्थितः उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कैमूर ओम प्रकाश कुमार, कनीय अभियंता बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड पटना, खेल टेक्निकल पदाधिकारी डॉ. तुलसी प्रसाद सिंह, शौकत अली गद्दी, दिलीप कुमार पटेल, अशरफ अली, इम्तियाज अली, कार्यालय सहायक रिंकू अंसारी।

## रूस-चीन में इंजीनियर की नौकरी दिलाने के नाम पर 5.25 लाख की ठगी, केस दर्ज

लोकतंत्र की आवाज

**कैमूर।** विदेश में इंजीनियर की नौकरी दिलाने का झांसा देकर भभुआ शहर के एक युवक से 5 लाख 25 हजार रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित युवक की मां ने अपने एक रिश्तेदार सहित नेपाल और अन्य स्थानों के कुछ लोगों के खिलाफ भभुआ सदर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 18 निवासी काशीनाथ पांडेय की पत्नी शशिलता देवी ने थाने में दिए आवेदन में बताया है कि वर्ष 2016 में उनके भाई रवि प्रकाश तिवारी के साढ़ू गोविंद तिवारी उनके घर आए थे। बातचीत के दौरान उन्होंने अपने इंजीनियर पुत्र संजीव कुमार के बेरोजगार होने की बात बताई। इस पर गोविंद तिवारी ने भरोसा दिलाया कि उनका भाई विदेशों में नौकरी लगवाने का काम करता है और वह संजीव की भी नौकरी रूस या चीन में दिलवा देगा। महिला के अनुसार बाद में वह अपने पति और पुत्र के साथ गोरखपुर गईं, जहां उनकी मुलाकात गोविंद तिवारी के भाई तथा नेपाल निवासी दुर्विजय सिंह से कराई गई। आरोप है कि दुर्विजय सिंह ने 4.20 लाख रुपये में विदेश में स्थायी नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद विभिन्न किस्तों में उनसे रुपये लिए गए। रुपये लेने के बाद युवक को टूरिस्ट वीजा पर रूस और चीन भेजा गया, लेकिन वहां स्थायी नौकरी नहीं दिलाई गई। पीड़िता का आरोप है कि नौकरी दिलाने के नाम पर कुल 5.25 लाख रुपये की ठगी की गई। भभुआ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## चांद थाना क्षेत्र ढेढुआ गांव के दो नाबालिग का तालाब में डुबने से हुई मौत , पुलिस ने शव को भेजा पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ

लोकतंत्र की आवाज



**चांद ।** थाना क्षेत्र के ढेढुआ गांव में तालाब डुबने से दो बच्चों की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। बताया जा रहा है की सुबह खेतों में धान की बिचड़ा डालने के लिए महराज धोवी पुत्र बबलू अंसारी अपने दोनों पुत्र एवं पुत्री के साथ खेत पर गए थे। खेतों पर आवश्यक कार्य कर मृतक के दादा महराज दर्जी दोपहर घर लौट आएं। मृतक के पिता बबलू अंसारी के साथ दोनों पुत्र एवं पुत्री रह गए। बताया गया की बबलू अंसारी दोनों पुत्र एवं पुत्री को पेड़ के नीचे बैठाकर शौच करने चले गए। पिता के चले जाने के बाद दोनों पुत्र तालाब में नहाने के लिए जिद करने लगे। दोनों की 10 वर्षीय बहन ने मना किया लेकिन दोनों भाई इंसात अंसारी उम्र 7 एवं रियाज अंसारी उम्र 6 ने तालाब में नहाने चले गए। तालाब में पानी अधिक होने से दोनों बच्चों की मौत हो गई। पिता शौच करने के बाद तालाब में गए दोनों बच्चों को तालाब में तैरते देखा। पिता ने बच्चों को देखते ही हाथ पैर फूल गया गांव से कुछ दूरी होने पर किसी को बुलाने के बजाय खुद पिता ने तालाब में जाकर बच्चों को निकाला। बताया गया की तब तक देर हो गई दोनों बच्चों की मौत हो गई थी। खबर मिलते ही पुरा गांव में मातम पसर गया। परिजनों को रो रोकर बुरा हाल है। बच्चों की माता बिहोश पड़ी थी।खबर मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में दौड़े। खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। एसआई चंद्रभूषण सिंह ने कहा बड़ी दर्दनाक घटना है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भभुआ भेज दिया गया है।इस संबंध में अंचलाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता ने कहा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता की जाएगी। समाजिक कार्यकर्ता श्याम विहारी कुशवाहा ने कहा पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी।

## बिस्कोमान भवन में अव्यवस्था का बोलबाला; रसीद और कागजात हाथ में लिए चिलचिलाती धूप में कतारों में खड़े दिखे अन्नदाता

लोकतंत्र की आवाज

सोनू तिवारी

**मोहनिया।** बाजार समिति मोहनिया स्थित बिस्कोमान भवन इस समय अव्यवस्था और प्रशासनिक संवेदनहीनता का अखाड़ा बना हुआ है। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बीच सैकड़ों किसान यूरिया और डीएपी खाद के लिए सुबह से ही लंबी कतारों में खड़े होने को मजबूर हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि इस तपती गर्मी में भी प्रशासन द्वारा न तो पेयजल की कोई व्यवस्था की गई है और न ही धूप से बचाव के लिए कोई शेड लगाया गया है। हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें बिस्कोमान के कर्मचारी किसानों को खाद वितरित करने के बजाय बेफिक्र होकर अपने मोबाइल में व्यस्त दिखाई दे रहे थे। इस लापरवाही के कारण भूखे-प्यासे किसानों में भारी आक्रोश फैल गया और वहां जमकर हंगामा हुआ।



मामले की गंभीरता को देखते हुए मोहनिया एसडीएम रत्ना प्रियदर्शिनी खुद जांच के लिए बिस्कोमान भवन पहुंचीं। उन्होंने वहां की भयावह स्थिति का जायजा लिया और किसानों की आपबीती सुनी। किसानों ने बताया कि वे घंटों लाइन में खड़े रहते हैं, कई लोग तो गर्मी के कारण बेहोश तक हो रहे हैं, लेकिन खाद विक्रेताओं का रवैया बेहद उदासीन है। एसडीएम रत्ना प्रियदर्शिनी ने जनता और किसानों के बयानों को आधार बनाते हुए *खाद विक्रेता की इस मनमानी और लापरवाही को अक्षम्य अपराध करार दिया।* उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों के हक के साथ खिलवाड़ करने वाले ऐसे गैर-जिम्मेदार खाद विक्रेताओं के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने तुरंत टोकन सिस्टम लागू करने, कतारों को सुव्यवस्थित करने के लिए पुलिस बल तैनात करने तथा टेंट और पानी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

## वरिष्ठ पत्रकार श्याम सुंदर पांडे की तेरहवीं में उमड़ा जनसैलाब, श्रद्धांजलि अर्पित कर दी गई भावभीनी विदाई

लोकतंत्र की आवाज



**दुर्गावती (कैमूर), 18 जून।** दुर्गावती प्रखंड अंतर्गत इसीपुर गांव में गुरुवार को वरिष्ठ पत्रकार श्याम सुंदर पांडे की तेरहवीं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित हुए और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने श्याम सुंदर पांडे के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने लंबे पत्रकारिता जीवन में निष्पक्ष, निर्भीक और जनसरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता की मिसाल कायम की। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। बताते चलें कि गत 6 जून को ब्रेन हेमरेज के कारण वरिष्ठ पत्रकार श्याम सुंदर पांडे का निधन हो गया था। उनके आकस्मिक निधन की खबर से पूरे जिले सहित पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई थी। उनके निधन के बाद से ही विभिन्न सामाजिक एवं पत्रकार संगठनों द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।तेरहवीं कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय पांडे हमेशा समाज के दबे-कुचले और आम लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते थे। उनकी सरलता, विनम्रता और समाज के प्रति समर्पण को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। इस मौके पर जिले एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे अनेक वरिष्ठ पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा शुभचिंतकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों को सांत्वना प्रदान की। श्याम सुंदर पांडे के निधन से न केवल पत्रकारिता जगत, बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी एक बड़ी रिक्तता उत्पन्न हुई है। उनके योगदान और आदर्शों को हमेशा याद किया जाएगा।

## छुट्टियों के बाद नए रंग-रूप में दिखेगा चौरसिया नवोदय परिसर; प्राचार्य चौधरी मानार्जन सिंह ने नए सत्र को लेकर साझा की योजना

लोकतंत्र की आवाज

**कैमूर।** गर्मी की छुट्टियों के चलते भले ही इस समय जवाहर नवोदय विद्यालय, चौरसिया का परिसर छात्र-छात्राओं की चहल-पहल से दूर है, लेकिन विद्यालय प्रशासन नए शैक्षणिक सत्र को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बनाने की तैयारियों में पूरी तरह मुस्तैद है। आगामी जुलाई महीने में स्कूल खुलने के साथ ही छात्रों को यहाँ एक बेहद रचनात्मक और बदला हुआ माहौल मिलने वाला है। विद्यालय के प्राचार्य चौधरी मानार्जन सिंह ने आगामी सत्र (2026-27) को लेकर अपनी प्राथमिकताओं, योजनाओं और विद्यालय के दृष्टिकोण को साझा किया है। प्राचार्य ने बताया कि इस बार विद्यालय में बड़े पैमाने पर नए विद्यार्थियों का आगमन होने जा रहा है। कक्षा 6वीं में नए नामांकन के साथ-साथ इस सत्र में कक्षा 9वीं और 11वीं में 'लेटरल एंट्री' (पार्श्विक प्रवेश) के माध्यम से भी मेधावी बच्चे विद्यालय परिवार का हिस्सा बनेंगे।

प्राचार्य ने अपने विशेष बयान में कहा कि ₹नवोदय विद्यालय का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल की छिपी हुई प्रतिभाओं को तराशना और उन्हें वैश्विक मंच के लिए तैयार करना है। नए आने वाले सभी बच्चों के अकादमिक और मानसिक विकास पर हमारी पूरी टीम का विशेष फोकस रहेगा।

**स्मार्ट क्लास और हाईटेक शिक्षा पर रहेगा जोरः** प्राचार्य चौधरी मानार्जन सिंह के अनुसार, छुट्टियों के इस दौर में विद्यालय के बुनियादी ढांचे,



डिजिटल क्लासरूम, कंप्यूटर लैब और विज्ञान प्रयोगशालाओं के अपग्रेडेशन और रखरखाव का काम तेजी से कराया जा रहा है। नए सत्र में छात्रों को आधुनिक तकनीक, कोडिंग और डिजिटल साक्षरता से जोड़ने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही, खेलकूद, संगीत और बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए विशेष काउंसलिंग की व्यवस्था भी की जा रही है, ताकि घर से दूर रहने वाले बच्चों को परिसर में पूरी तरह पारिवारिक और तनावमुक्त माहौल मिल सके।

**नए और लेटरल एंट्री वाले छात्रों के लिए 'विशेष स्वागत टीम':** कक्षा 6वीं के नए बच्चों के साथ ही कक्षा 9वीं और 11वीं में लेटरल एंट्री से आने वाले छात्रों को नवोदय के आवासीय व अनुशासित माहौल में ढलने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए विद्यालय स्तर पर विशेष तैयारी की गई है। प्राचार्य ने बताया कि इन बच्चों के मार्गदर्शन के लिए वरिष्ठ छात्रों और अनुभवी शिक्षकों की एक विशेष 'ओरिएंटेशन टीम' बनाई गई है, जो शुरुआती दिनों में उनकी हर संभव मदद करेगी। विद्यालय के सभी संबंधित पदाधिकारी यह सुनिश्चित करने में जुटे हैं कि हर छात्र को चौरसिया नवोदय विद्यालय में उच्चतम स्तर की शिक्षा और पूरी सुरक्षा मिले। हमारा लक्ष्य केवल परीक्षा में बेहतर अंक दिलाना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए अनुशासित, संवेदनशील और आत्मनिर्भर नागरिक तैयार करना है। नए सत्र में कक्षा 6वीं के नव-नामांकित बच्चों और 9वीं व 11वीं में लेटरल एंट्री से आ रहे छात्रों का चौरसिया नवोदय परिवार में गर्मजोशी से स्वागत किया जाएगा।

– चौधरी मानार्जन सिंह, प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, चौरसिया।

## कोचिंग पढ़ने गए किशोर की संदिग्ध हत्या, पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच रेफर

लोकतंत्र की आवाज

**कैमूर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में कोचिंग पढ़ने गए एक किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। चिकित्सकों द्वारा मामले को गंभीर और संदिग्ध मानते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल से पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। मृतक की पहचान सिकंदरपुर गांव निवासी बबन गोंड के 14 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार प्रिंस बुधवार को कोचिंग पढ़ने गया था, लेकिन देर शाम उसकी मौत की सूचना मिली। परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसके साथ गए कुछ लड़कों ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल व्याप्त हो गया। गुरुवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ लाया गया, जहां काफी देर तक पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया चली।

> ● परिजनों के अनुसार प्रिंस बुधवार को कोचिंग पढ़ने गया था, लेकिन देर शाम उसकी मौत की सूचना मिली

मामले की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों की तीन सदस्यीय टीम भी गठित की गई थी। हालांकि जांच के दौरान चिकित्सकों को मौत के कारणों को लेकर संदेह हुआ, जिसके बाद स्थानीय स्तर पर पोस्टमार्टम नहीं कराने का निर्णय लिया गया। सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. साहिल राज ने बताया कि शव को बेहतर चिकित्सकीय जांच एवं स्पष्ट रिपोर्ट के लिए पटना स्थित पीएमसीएच भेजा गया है। उधर, पोस्टमार्टम हाउस परिसर में पुलिस पदाधिकारियों की भी तैनाती रही। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गोंडा: सिलेंडर लेने निकला 22 वर्षीय दिव्यांग युवक 4 दिन से लापता, गुमशुदगी दर्ज



लोकतंत्र की आवाज
करीम खान

गोण्डा। जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र के नेवादा कुन्दुरखा गांव से एक 22 वर्षीय दिव्यांग युवक के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। युवक 14 जून की सुबह 10 बजे एलपीजी सिलेंडर लेने के लिए घर से निकला था, लेकिन 4 दिन बीत जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा है। पीड़ित पिता सत्यराम यादव ने मोतीगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में सत्यराम यादव ने बताया कि उनका दिव्यांग पुत्र दुर्गेश 14 जून को दलपतपुर निवासी रामउगर के लड़के के साथ एलपीजी सिलेंडर लेने गया था। दुर्गेश उसकी गाड़ी पर पीछे बैठकर निकला था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा।
परिवार ने की हर जगह तलाश: सत्यराम यादव के अनुसार, उन्होंने रिश्तेदारों, परिचितों और संभावित जगहों पर दुर्गेश की काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। बेटे के लापता होने से परिवार बेहद परेशान है और अनहोनी की आशंका जता रहा है।

**पुलिस जांच में जुटी:** मोतीगंज थाना प्रभारी यशवंत सिंह ने बताया कि गुमशुदगी का प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। मामले को गंभीरता से लेकर जांच शुरू कर दी गई है। युवक के साथ गए रामउगर के लड़के से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज के जरिए दुर्गेश का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

**पिता की गुहार:** बेटे की जल्द की जाय सकुशल बरामदगी: सत्यराम यादव ने पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर दिव्यांग बेटे को सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है। क्षेत्र में दिव्यांग युवक के लापता होने से सनसनी फैल गई है।

### बिजनौर शराब सेल्समैन पर जानलेवा हमला, लाखों की नकदी लूटने का आरोप, गंभीर हालत में रेफर



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्टगु रप्रीत सिंह

बिजनौर । चांदपुर थाना क्षेत्र में एक शराब सेल्समैन पर देर रात जानलेवा हमला कर लूटपाट किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हमलावरों ने सेल्समैन को अधमरी हालत में छोड़ दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऊदल सिंह पुत्र रामपाल सिंह, निवासी ग्राम गंधौर, थाना हीमपुर दीपा, ब्लॉक जलीलपुर स्थित एक शराब की दुकान पर सेल्समैन के रूप में कार्यरत हैं। बताया जाता है कि शनिवार देर रात करीब साढ़े दस बजे वह दुकान बंद कर दिनभर की बिक्री की नकदी लेकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे दर्जनों हमलावरों ने उनकी बाइक रोक ली और लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर दिया। हमले से ऊदल सिंह सड़क पर गिर पड़े, जिसके बाद उनकी बेरहमी से पिटाई की गई। पीड़ित के अनुसार हमलावरों ने उनके पास मौजूद लाखों रुपये की नकदी भी लूट ली। घटना में ऊदल सिंह के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। राहगीरों और स्थानीय लोगों की सूचना पर घायल है।को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए श चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा हमलावरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीड़ित और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। लूट और हमले के आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौलकह कर चुक दहे दौर बीप अव न्या को कुम संब य पह है। पीडि को कर धम

### पहूज नदी में नहाते समय 3 युवकों की मौत जानकारी देते सी ओ माधौगढ़ अंबुज यादव



लोकतंत्र की आवाज

माधौगढ़ जालौन। आज दिनांक 18 .06 .2026 को भिण्ड मध्य प्रदेश के कुछ युवक 16-17 की संख्या में पहुंज नदी ग्राम गोपालपुरा में नहाने के लिये आये थे उन्ही में 03 युवक नहाते समय गहरे पानी में चले गये अन्य युवकों द्वारा उनको बचाने का प्रयास किया गया लेकिन सफल नही हुये। अन्य युवकों द्वारा थाना माधौगढ में सूचना दी गयी । थाना माधौगढ पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थानीय गोताखोरों व एसडीआरएफ की टीम के द्वारा उनको तलाशने का प्रयास किया गया। बचाव के दौरान तीनो के शव बरामद हुये हैं। गहरे पानी में डूबने के कारण इनकी मृत्यु हो चुकी है। तीनो के शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी माधौगढ द्वारा दी गयी जानकारी। जिसमे दो लड़कों को ढूंढ निकला तीनों शवों का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही

### रंजिश के चलते एक दूसरे के साथ गाली गिलौज ओर मार पीट की, केस दर्ज

लोकतंत्र की आवाज

जालौन। रंजिश के चलते एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति के साथ गाली, गलौज व पिटाई किए जाने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोरीपुरा निवासी बद्री कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके गांव का ही सिंकू उससे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर विवाद करते रहते हैं। कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन मानने को तैयार नहीं है। आरोप लगाया कि बुधवार की शाम वह गांव में जा रहे थे। रास्ते में सिंकू ने उसे रोककर गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर पिटाई कर दी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों ने आकर उसे बचाया। आसपास के लोगों के आने पर वह जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 'इश्क की सजा मौत' : प्रेम विवाह से बौखलाए भाई ने डैम में फेंकी बहन की लाश, नवादा में ऑनर किलिंग से दहशत

**खून का रिश्ता हुआ खूनी : डैम की गहराई में दफन हुआ 'प्रेम विवाह' का सच, नवादा पुलिस ने भाई को दबोचा**




लोक तंत्र की आवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा।** नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र अंतर्गत ताराकोल डेम में एक सप्ताह पूर्व मिले युवती के शव मामले का नवादा पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्याकांड में मृतका के सगे भाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार प्रेम-प्रसंग में किए गए विवाह से नाराज परिजनों ने ही युवती की हत्या कर शव को डेम में फेंक दिया था।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 11 जून 2026 को ताराकोल डेम में एक अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही कौआकोल पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। बाद में शव की पहचान नालंदा जिले के गिरियक थाना क्षेत्र अंतर्गत रेवतर गांव निवासी अशोक कुमार की 21 वर्षीय पुत्री दिव्या कुमारी के रूप में हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कौआकोल थाना कांड संख्या 303/26 दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई तथा एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ पकरीबरावां के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया। तकनीकी अनुसंधान, मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल्स तथा ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर लगातार छापेमारी की गई। इसी क्रम में मृतका के भाई मनीष कुमार को हिरासत में लेकर सघन पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान मनीष कुमार ने बताया कि उसकी बहन दिव्या कुमारी ने प्रेम-प्रसंग में हरियाणा के पानीपत में विवाह कर लिया था। इस बात से परिवार के लोग नाराज थे। घर लौटने पर विवाह को लेकर परिवार में विवाद और कहासुनी हुई थी। पुलिस के अनुसार इसी रंजिश में हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया।

इधर छापेमारी के दौरान गुललियातरी गांव निवासी कृष्णा देव प्रसाद के घर की तलाशी में एक बनावटी गन (थर्नट) और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस मामले में कौआकोल थाना कांड संख्या 307/26 दर्ज कर आर्म्स एक्ट के तहत अलग से कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त मनीष कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अन्य संभावित आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। नवादा पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले में शामिल शेष लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।इस खुलासे के बाद पूरे इलाके में हत्याकांड को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

### जनहित की आवाज को मिला सम्मान, एसडीओ ने पत्रकार पदमाकर सिंह लाला को किया सम्मानित



लोक तंत्र की आवाज

**विद्यापतिनगर।** जन समस्याओं को लगातार प्रमुखता से उठाने और जनसरोकार से जुड़ी पत्रकारिता करने वाले दैनिक जागरण के पत्रकार पदमाकर सिंह लाला को गुरुवार को सम्मानित किया गया। विद्यापतिनगर प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जन कल्याण महाशिविर के समापन अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में दलसिंहसराय के अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार ने उन्हें सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की। समारोह के दौरान एसडीओ किशन कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। निष्पक्ष और जनहितकारी पत्रकारिता समाज और प्रशासन के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों द्वारा जन समस्याओं को प्रमुखता से उठाए जाने से प्रशासन को भी समस्याओं के समाधान में मदद मिलती है तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहयोग मिलता है।

सम्मान ग्रहण करने के बाद पत्रकार पदमाकर सिंह लाला ने कहा कि यह सम्मान उनकी जिम्मेदारियों को और बढ़ाने वाला है। उन्होंने आम लोगों की समस्याओं और जनहित के मुद्दों को आगे भी पूरी निष्ठा और निष्पक्षता के साथ उठाने का संकल्प व्यक्त किया। जन कल्याण महाशिविर के समापन समारोह में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन और पत्रकारिता के बीच बेहतर समन्वय तथा जनहित के कार्यों को और प्रभावी बनाने पर भी चर्चा हुई। मौके पर बीडीओ महताब अंसारी, सीओ कुमार हर्ष, आरओ अरुण कुमार शर्मा, जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति सदस्य धीरेंद्र कुमार सिंह, बीपीएम (जीविका) नवीन गौतम, पीओ (मनरेगा) भूषण मिश्रा, बीएओ अभिषेक कुमार, सीडीपीओ सीमा कुमारी, बीसीओ अजय कुमार, प्रधान लिपिक चंद्रप्रकाश लाल, मुकेश कुमार पाठक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### अमेरिकी नौ सेना द्वारा स्टेट ऑफ हार्मूज में भारतीय नाविक वाले भारतीय जहाज पर हमाल 3 नाविकों की मौत


**लोकतंत्र की आवाज**

**जालौन।** अमेरिकी नौसेना द्वारा स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में कथित रूप से भारतीय नाविकों वाले वाणिज्यिक जहाज पर किए गए हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत के विरोध में वामपंथी दलों के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर हमले निंदा की और दोषियों पर कार्रवाई के साथ मुआवजे की भी मांग की।

वामपंथी दलों के कार्यकर्ता डॉ. रामकिशोर गुप्ता, केशभान सिहं, उदित नारायण, परमात्मा शरण, जगदीश राठौर, सुरेंद्र कुमार, कांशीराम, खलील, रमेश शर्मा आदि ने गुरुवार को राष्ट्रपति को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम रिंकू सिंह राही को सौपकर बताया कि अमेरिकी नौसेना द्वारा भारतीय चालक दल वाले जहाजों पर यह तीसरा हमला है। अमेरिकी सरकार अपने लगाए प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए जहाजों पर हमले जारी रखने की धमकी दे रही है। अमेरिकी प्रशासन की यह कार्यवाही संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्रों में स्वतंत्र नौवहन के सिद्धांतों के खिलाफ हैं। अमेरिका पूरी दुनिया पर वर्चस्व थोपने की कोशिश कर रहा है। वहीं, सरकार देश की परंपरागत स्वतंत्र विदेश नीति से पीछे हटकर अमेरिका की कनिष्ठ साझेदार बन गई है।

सरकार की कमजोर प्रतिक्रिया और अमेरिका से माफी तक न मंगवा पाना भारत की संप्रभुता और आत्मसम्मान पर आघात है। वामपंथी दलों ने राष्ट्रपति से मांग की कि मारे गए नाविकों के परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए, भारत सरकार अमेरिकी आक्रामकता के खिलाफ विरोध करे और भारतीय नाविकों की हत्या की कड़ी निंदा करे और इन मौतों के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा दिलाने के लिए सभी कूटनीतिक उपाय अपनाए जाएं।

### उनियारा सीएचसी में नर्सिंग अधिकारी को कार्यमुक्त करने के आदेश-शिकायतों और कार्य में लापरवाही का हवाला-विभागीय जांच के बाद ही तय होगी जिम्मेदारी







लोकतंत्र की आवाज


**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक/उनियारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उनियारा के कनिष्ठ विशेषज्ञ प्रभारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार नर्सिंग अधिकारी श्रीमती मनीषा जाट को 18 जून 2026 को दोपहर बाद कार्यमुक्त किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

कार्यालय आदेश में उल्लेख किया गया है कि नर्सिंग कर्मी मनीषा जाट को पूर्व में सआदत चिकित्सालय से कार्यव्यवस्था के तहत सीएचसी उनियारा में लगाया गया था। उन्होंने 10 फरवरी 2025 को यहां कार्यभार ग्रहण किया था। आदेश के अनुसार समय पर ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होने तथा कार्य के प्रति लापरवाही को लेकर उन्हें पूर्व में कई बार कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके थे। इसके बावजूद कार्यशैली में अपेक्षित सुधार नहीं होने, संपर्क पोर्टल पर शिकायतें प्राप्त होने तथा विभाग एवं संस्था की छवि प्रभावित होने का हवाला देते हुए उन्हें कार्यमुक्त कर पुनः सआदत चिकित्सालय, टोंक में उपस्थिति देने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायत संख्या 062605327238109 एवं 06260532723531 के संबंध में सीएचसी उनियारा जारी एक अन्य पत्र में बताया गया कि 9 जून 2026 को एक गर्भवती महिला उपचार के लिए सीएचसी उनियारा पहुंची थी। पत्र के अनुसार मरीज को निर्धारित गाइडलाइन के तहत उपचार उपलब्ध कराया गया तथा आगे की जांच एवं सोनोग्राफी के लिए उच्च संस्थान जाने की सलाह दी गई थी।

वहीं, महिला के परिजनों पति ने संपर्क पोर्टल के परिवाद संख्या 062605327326728 एवं 062605327238109 में उपचार के दौरान इंजेक्शन लगाने में कथित लापरवाही का आरोप लगाया है।शिकायतकर्ता मुकेश कुमार मेरूठा का कहना है कि चिकित्सक द्वारा दो इंजेक्शन लिखे जाने के बावजूद उनकी पत्नी आरती मेरूठा को केवल एक इंजेक्शन लगाया गया। बाद में तबीयत बिगड़ने पर उन्हें उच्च संस्थान में भर्ती कराना पड़ा, जहां चिकित्सकीय जांच के बाद डीएनसी करानी पड़ी। महिला के पति ने मुख्यमंत्री, प्रमुख शासन सचिव (चिकित्सा), लोकायुक्त एवं मानवाधिकार आयोग को शिकायत भेजकर संबंधित नर्सिंगकर्मी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और बर्खास्तगी की मांग की है।हालांकि, उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार नर्सिंग अधिकारी को कार्यमुक्त किए जाने की कार्रवाई प्रशासनिक आदेश एवं प्राप्त शिकायतों के आधार पर की गई है।

### हाईवे पर काल बनकर खड़ा था ट्रेलर-बिशनपुरा के 29 वर्षीय मस्तराम मीणा की दर्दनाक मौत



**लोकतंत्र की आवाज**

**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक/अलीगढ़।** टोंक-सवाई माधोपुर नेशनल हाईवे-116 पर अलीगढ़ थाना क्षेत्र में बिशनपुरा गांव के पास बुधवार रात करीब 9:30 बजे हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 29 वर्षीय युवक मस्तराम मीणा की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब उनकी मोटरसाइकिल हाईवे पर खड़े एक ट्रेलर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मस्तराम गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल सवाई माधोपुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए जयपुर रेफर कर दिया गया। लेकिन उपचार के लिए जयपुर ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। बाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगढ़ में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**माता-पिता पहले ही गुजर चुके थे-अब बच्चों के सिर से भी उठा पिता का साया:** मृतक मस्तराम मीणा अत्यंत साधारण और गरीब परिवार से थे। उनके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका था और पूरे परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। हादसे के बाद उनकी पत्नी, तीन विवाहित बहनें तथा तीन मासूम बच्चे बेसहारा हो गए हैं। मृतक अपने पीछे 6 वर्षीय और 3 वर्षीय दो पुत्रों के साथ महज डेढ़ वर्ष की एक बेटी को छोड़ गए हैं, जिनके सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया।

**गांव में शोक की लहर-सहायता की उठी मांग:** मस्तराम मीणा की असामयिक मृत्यु से बिशनपुरा गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने राज्य सरकार एवं प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए तत्काल उचित मुआवजा, आर्थिक सहायता तथा बच्चों के पालन-पोषण और शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि इस दुख की घड़ी में परिवार को सहारा मिल सके।

### भव्य उद्घाटन कल: मीणा छात्रावास एवं अध्ययन संस्थान, टोंक का 20 जून को होगा शुभारंभ, प्रतिभाशाली छात्रों का होगा सम्मान



**लोकतंत्र की आवाज**

**शिवराज बारवाल मीना**

**टोंक।** मीणा समाज के लिए गौरवपूर्ण अवसर के रूप में मीणा छात्रावास एवं अध्ययन संस्थान, टोंक का भव्य उद्घाटन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह शनिवार, 20 जून 2026 को जिला मुख्यालय पर जयपुर-कोटा हाईवे स्थित सवाई माधोपुर पुलिया के पास, हुंडई कार शोरूम के पीछे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, शिक्षाविद तथा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग भाग लेंगे।

आयोजन समिति के अनुसार मीणा छात्रावास एवं अध्ययन संस्थान का उद्घाटन एवं फीता काटने के मुख्य अतिथि सर्वोच्च बोली 5,21,000 रुपये के अनुसार रामप्रसाद मीणा, ग्राम अहमदपुरा चौकी (निरीक्षक, पंजाब पुलिस, चंडीगढ़) के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। समारोह के दौरान 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतिभाओं तथा विभिन्न राजकीय सेवाओं में कार्यरत समाज के छात्र-छात्राओं व भामाशाहों का सम्मान भी किया जाएगा। पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित लिंक के माध्यम से आवेदन करने का आग्रह किया गया है। मीणा समाज द्वारा शिक्षा, संगठन एवं सामाजिक उत्थान की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के तहत छात्रावास एवं अध्ययन संस्थान की स्थापना को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।इससे टोंक जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतर आवासीय एवं अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद जताई जा रही है।

समाज के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में समाज बंधुओं से उद्घाटन समारोह में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। आयोजन समिति ने सभी भामाशाहों, सहयोगकर्ताओं एवं सम्मानित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है तथा बड़ी संख्या में समाज बंधुओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। तैयारियां अंतिम चरण में हैं और शिक्षा के क्षेत्र में समाज के भामाशाहों का लगातार सहयोग मिल रहा है।

### श्री बड़ के बाला जी का मन्दिर बना हिन्दुस्तान शिवसेना ने की पांचमुखी हनुमान जी की स्थापना



लोक तंत्र की आवाज

**विशेष संवाददाता**

**सवाई माधोपुर ।** जिले के टोंक बस स्टैंड पर हिन्दुस्तान शिवसेना की ओर से श्री बड़ के पांचमुखी बाला जी का मन्दिर बना कर पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति स्थापना की गई।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट राजेन्द्र सिंह तोमर राजा भईया एवं राष्ट्रीय महासचिव और राजस्थान के प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंधी जीतू भईया ने आज पत्रकारों को इस बाबत जानकारी देते हुये संयुक्त रूप से बताया कि कलयुग के अवतारी माने जाने वाले हनुमान जी की आस्था को देखते हुए सर्व हिन्दू समाज के अराध्य देव पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर दक्षिण मुखी मूर्ति की स्थापना की गई है इससे पहले ढोल नगाड़ों के साथ मूर्ति को जलूस के रूप मे बग्गी में विराजमान कर क्षेत्र की परिक्रमा की गई उसके बाद मंत्रोच्चारण के साथ पूरे विधि विधान से उक्त मूर्ति को विराजमान किया कर इक्कीस ज्योतियो से आरती की गई, इससे संगठन के साथ साथ पूरे क्षेत्र के हिंदुओं में उत्साह का माहौल देखा गया तत्पश्चात प्रसादि वितरण किया गया पूरे कार्यक्रम में वीरेंद्र मीणा, लक्ष्मण बंटी, मुकेश योगी, गोविंदा, भानु, सतीश गुर्जर, अंजली राजपूत, बांसुरी सिंह, दीप शिखा, आदि उपस्थित रहे।

### बिजनौर में ओवरलोड डंपरों का बेखौफ संचालन, आखिर कब होगी कार्रवाई?



लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट पायल कुमारी**

**बिजनौर।** भागूवाला चौकी प्रभारी अवधेशानंद चौकी और मोटा महादेव पुलिस चौकी के सामने से दिन-रात गुजर रहे ओवरलोड व ओवरहाइट डंपर, जनसुरक्षा पर उठे गंभीर सवाल।

बिजनौर के ब्लॉक नजीबाबाद अंतर्गत थाना मंडावली क्षेत्र में उत्तराखंड सीमा से आने वाले रेत-बजरी से लदे ओवरलोड एवं ओवरहाइट डंपरों का संचालन लगातार जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सिलसिला पिछले काफी समय से बेखौफ तरीके से चल रहा है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही। क्षेत्रवासियों के अनुसार ये भारी वाहन भागूवाला स्थित स्वामी अवधेशानंद पुलिस चौकी के सामने से भी लगातार गुजरते हैं और मोटा महादेव पुलिस चौकी के सामने से भी दिन-रात इनका आवागमन जारी रहता है।इसके बावजूद इन वाहनों पर प्रभावी रोक-टोक नहीं होने से लोगों के बीच कई सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उनके पास इन वाहनों के संचालन से संबंधित वीडियो, फोटो और लोकेशन आधारित साक्ष्य भी मौजूद हैं। इसके बावजूद यदि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई नहीं होती है तो यह जनहित से जुड़ा गंभीर विषय बन जाता है। रेत-बजरी से भरे ओवरलोड और ओवरहाइट डंपरों से उड़ने वाली धूल आसपास के गांवों में प्रदूषण बढ़ा रही है। इससे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को सांस लेने में दिक्कत, एलर्जी तथा आंखों में जलन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। वहीं सड़क पर गिरने वाली रेत-बजरी के कारण फिसलन बढ़ने से दोपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा भी बना रहता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि इस प्रकार मानकों से अधिक भार और ऊंचाई वाले वाहन लगातार चलते रहे तो सड़कें, पुलियां और अन्य सरकारी संपत्तियां भी समय से पहले क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। इसके साथ ही किसी भी समय बड़ा सड़क हादसा होने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

**जनता का सवाल है कि यदि पुलिस चौकियों के सामने से ही ऐसे वाहन:** लगातार गुजर रहे हैं तो उनकी नियमित जांच क्यों नहीं की जा रही? यदि सभी वाहन नियमों के अनुरूप हैं तो इसकी जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए और यदि कहीं नियमों का उल्लंघन हो रहा है तो संबंधित विभागों को तत्काल कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। जनहित में मांग की जाती है कि पुलिस, परिवहन विभाग, खनन विभाग और प्रशासन संयुक्त अभियान चलाकर मंडावली क्षेत्र में संचालित सभी ओवरलोड एवं ओवरहाइट डंपरों की सघन जांच करें, नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को तत्काल सीज किया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**सबसे बड़ा सवाल :** जब भागूवाला स्वामी अवधेशानंद पुलिस चौकी और मोटा महादेव पुलिस चौकी के सामने से ही ओवरलोड एवं ओवरहाइट डंपरों का संचालन लगातार हो रहा है, तो आखिर इन पर प्रभावी कार्रवाई कब होगी? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे के बाद जागेगा, या उससे पहले जनहित में ठोस कदम उठाए जाएंगे?


लोकतंत्र की आवाज स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।